राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

आम जन का आधार

www.jagranmorchadaily@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 04 अंक : 366 | लखनऊ | शनिवार, 28 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रूपया



## अफगानों का कई पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर सैनिकों को मारने का दावा

# एयरस्ट्राइक के बाद अफगानिस्तान पाकिस्तान सीमा पर बढ़ा तनाव

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच दशकों से चला आ रहा सीमा विवाद शुक्रवार को बड़े सैन्य संघर्ष में बदल गया है। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान के खिलाफ खुले युद्ध की घोषणा करते हुए काबुल और कंधार पर बमबारी की है।इससे पहले अफगानिस्तान ने पलटवार करते हुए सीमा पर हमले तेज कर बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। दोनों तरफ से बमबारी हो रही है। पाकिस्तान की तरफ से पिछले सप्ताह किए गए हवाई हमलों का जवाब देते हुए अफगानिस्तान ने गुरुवार देर रात जवाबी कार्रवाई कर दावा किया कि उसने डूरंड लाइन पर करीब 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया और पाकिस्तान की कई चौकियों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद पाकिस्तान ने अफगान तालिबान के खिलाफ 'ऑपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू कर शुक्रवार तड़के काबुल, कंधार और पक्तिया में तालिबान के रक्षा ठिकानों पर बमबारी की। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान तालिबान के खिलाफ खुले युद्ध की घोषणा करते हुए कहा कि अब पाकिस्तान का धैर्य जवाब दे गया है। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पोस्ट में कहा, 'कायर पाकिस्तानी सेना ने काबुल, कंधार और पक्तिया के कुछ इलाकों में हवाई हमले किए हैं लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।'



❒ 22 फरवरी की एयरस्ट्राइक से बढ़ा विवाद, हालांकि, पाकिस्तान की ओर से इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है

अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने पाकिस्तान के हमले की निंदा की है।उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, 'पाकिस्तानी विमानों ने एक बार फिर काबुल, कंधार और पक्तिया पर बमबारी की। अफगानिस्तानी लोग हर हाल में पूरी एकता के साथ अपनी प्यारी मातृभूमि की रक्षा करेंगे और आक्रामकता का साहस से जवाब देंगे। पाकिस्तान हिंसा और बमबारी से खुद को मुक्त नहीं कर सकता- ये समस्याएं उसने खुद पैदा की हैं लेकिन उसे अपनी नीति बदलनी होगी और अफगानिस्तान के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध, सम्मान और सभ्य संबंधों का मार्ग चुनना होगा।' अफगानिस्तान का पलटवार टोलो न्यूज ने अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के बयान के हवाले से बताया है कि सेना प्रमुख फसीहुद्दीन फितरत के आदेश पर डूरंड रेखा के पास पाकिस्तानी सेना की चौकियों पर अफगान बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई गुरुवार रात 12:00 बजे समाप्त हो गई। इस अभियान में पाकिस्तानी सेना के 55 सैनिक मारे गए। अफगान बलों ने कुछ शव और सैकड़ों हल्के और भारी हथियार भी जब्त किए और कई सैनिकों को जिंदा पकड़ा।

बयान में आगे कहा गया कि अभियान के दौरान, अफगान बलों ने पाकिस्तान के 19 चेक पोस्ट पर कब्जा कर लिया। इस अभियान में 8 अफगान सैनिकों की मौत हुई और 11 अन्य घायल हुए। जबकि तोरखम में शरणार्थियों के लिए बने अस्थायी शिविर पर पाकिस्तान के हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग घायल हुए। मंत्रालय ने कहा कि यह अभियान पाकिस्तान द्वारा हाल ही में अफगान क्षेत्र पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में चलाया गया था। पिछले सप्ताह पाकिस्तान की एयर स्ट्राइकपिछले सप्ताह पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई इलाकों पर एयर स्ट्राइक किए जिसमें अफगानिस्तान शासन के मुताबिक महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 18 लोग मारे गए। हालांकि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया था। पाकिस्तान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान में हाल ही में हुए आत्मघाती बम धमाकों के बाद किए गए थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा

# राष्ट्रीय बजट अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज नहीं, नीतिगत रोडमैप

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बजट का आकलन उसके प्रत्यक्ष लाभ या प्रभाव से नहीं बल्कि इसमें निहित नीतिगत प्रयासों से होना चाहिए। असल में राष्ट्रीय बजट कोई अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज़ नहीं होता है। यह एक नीतिगत रोडमैप होता है। ऐसे में बजट की प्रभावशीलता का आंकलन ठोस पैरामीटर्स पर किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंसिंग से बजट बाद वेबिनार- विकसित भारत के लिए टेक्नोलॉजी, सुधार और फाइनेंसङ्ग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट को ढांचागत सुविधाओं के विस्तार, धन प्रवाह, जीवन जीने में आसानी, पारदर्शिता के साथ शासन और लोगों के लिए नए-नए अवसर बनाने की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश रिफोर्म एक्सप्रेस पर सवार है। इस प्रवाह को बनाए रखने के लिए हमें नीतिगत मंशा और उससे हासिल उपलब्धि पर भी फोकस करना है।

उन्होंने कहा कि हमें एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स का व्यापक उपयोग कर पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ानी ही होगी और साथ ही शिकायत निवारण प्रणालियों से प्रभाव की निरंतर निगरानी भी करनी होगी। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को सरकार के ढांचागत सुविधाओं में निवेश का लभा उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में ढांचागत सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट 2 लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़



रुपये के पार हो गया है। इतने बड़े पैमाने पर सरकारी निवेश निजी क्षेत्र के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि उद्योग और वित्तीय संस्थान भी नई ऊर्जा के साथ आगे आएं। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि परियोजनाओं की मंजूरी और मूल्यांकन प्रक्रिया को मजबूत करना जरूरी है, ताकि समय और पैसा बर्बाद न हो। लागत-लाभ और पूरी अवधि की लागत पर ध्यान देना चाहिए। बॉन्ड बाजार में सुधार कर दीर्घकालीन विकास, स्थिरता और विदेशी निवेश बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए भरोसा, तरलता, नए साधन और बेहतर जोखिम प्रबंधन जरूरी हैं। उन्होंने सभी हितधारकों से बजट के नए अवसरों का लाभ उठाने और मिलकर बेहतर परिणाम देने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी और 1 मार्च को देश के तीन महत्वपूर्ण राज्यों गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु तथा केन्द्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण भारत का पहला स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप उत्पादन और बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान होगा। प्रधानमंत्री मोदी अजमेर (राजस्थान) में 28 फरवरी सुबह 11:30 बजे 16,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) को रोकने हेतु राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। सरकारी विभागों में नवनियुक्त 21,800 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इसी दौरान दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे और अमृतसर-जामनगर इकोनॉमिक कॉरिडोर के विभिन्न पैकेजों का उद्घाटन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर 03:45 बजे प्रधानमंत्री मोदी सानंद (गुजरात) में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की 'सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग' (एटीएमपी) सुविधा का उद्घाटन करेंगे। यह भारत के सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत स्वीकृत पहली परियोजना है। यहां से भारत में निर्मित पहले सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल का व्यावसायिक उत्पादन और शिपमेंट शुरू होगा। 22,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली इस फैक्ट्री में दुनिया का सबसे बड़ा 'क्लीनरूम' क्षेत्र बनाया गया है। अंत में प्रधानमंत्री मोदी 28 फरवरी की रात करीब 09:00 बजे चेन्नई (तमिलनाडु) पहुंचेंगे और अगले दिन दक्षिण भारत के विकास कार्यों को गति देंगे। वह 1 मार्च सुबह 11:45 बजे (पुड्डुचेरी) में 2,700 करोड़ रुपये तक की बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी के सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए पुनः बढ़ा दिया गया है। इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत होने के बाद अवनीश कुमार अवस्थी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सलाहकार नियुक्त किया गया था। कार्यकाल पूरा होने के बाद अब सरकार ने पुनः उनका एक साल के लिए कार्यकाल बढ़ाया है। यह अवधि एक मार्च 2026 से लेकर 28 फरवरी 2027 तक की है। अब तक कई बार उनका कार्यकाल बढ़ाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 1987 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी 31 अगस्त 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे।

### उच्च न्यायालय ने अगले आदेश तक अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

प्रयागराज। उच्च न्यायालय ने पॉस्को एक्ट में दर्ज एफआईआर मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फिलहाल राहत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद अपना आदेश रिजर्व कर लिया है, लेकिन आदेश आने तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगा दी है। दरअसल, पॉस्को एक्ट में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी। शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई और उच्च न्यायालय ने अविमुक्तेश्वरानंद की अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए आदेश को सुरक्षित कर लिया है।

### तेज भूकंप से फिर कंपा पूरा बंगाल, कोलकाता समेत कई जिलों में दहशत

कोलकाता। शुक्रवार दोपहर एक बार फिर तेज भूकंप के झटकों से समूचा बंगाल दहल उठा। दोपहर करीब 1:20 बजे कोलकाता और आसपास के जिलों में जोरदार झटके महसूस किए गए। अचानक आए भूकंप से दहशत फैल गई और लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। लोगों का कहना है कि इस तरह का तीव्र कंपन उन्होंने पहले कभी महसूस नहीं किया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 से 5 के बीच रही।

## पश्चिम बंगाल में 28 फरवरी को जारी होंगी पोस्ट-एसआईआर मतदाता सूची

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अद्यतन मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। सात करोड़ से अधिक मतदाताओं वाली यह सूची केवल प्रशासनिक अद्यतन नहीं, बल्कि पिछले कुछ महीनों से जारी राजनीतिक टकराव, अदालती लड़ाइयों और विरोध प्रदर्शनों का प्रतिबिंब भी मानी जा रही है। चुनाव आयोग द्वारा जारी की जाने वाली सूची में 7.08 करोड़ मतदाताओं को स्वीकृत, हटाए गए या विचाराधीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। 2002 के बाद यह पहला राज्यव्यापी विशेष पुनरीक्षण है। आयोग के अनुसार 16 दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप सूची में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गई थी। मृत्यु, स्थानांतरण, दोहराव या सत्यापन न होने के कारण 58 लाख से अधिक नाम हटाए गए। दूसरे चरण में 1.67 करोड़ मतदाताओं की सुनवाई की गई, जिनमें 1.36 करोड़ को तार्किक विसंगति और 31 लाख को मैपिंग की कमी के आधार पर चिन्हित किया गया था। करीब 60 लाख



मतदाता अब भी विचाराधीन श्रेणी में हैं। आयोग का कहना है कि यह प्रक्रिया नियमित और आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। हालांकि राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में यह प्रक्रिया बड़ा चुनावी मुद्दा बन गई है। तृणमूल ने एसआईआर को पिछले दरवाजे से एनआरसी करार देते हुए इसका तीखा विरोध किया है। मुख्यमंत्री ममता बनराजी ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक आम नागरिक के रूप में याचिका दायर कर मांग की कि अगला विधानसभा चुनाव 2025 की मौजूदा मतदाता सूची के आधार पर कराया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम त्रुटियों के नाम पर हटाए गए हैं।

### केंद्र ने ग्रामीण शासन को बढ़ावा देने को झारखंड के लिए जारी किए 275 करोड़

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को झारखंड की ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत राज्य की पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए 275.1253 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अप्रतिबंधित अनुदान की दूसरी किस्त है। इससे राज्य की सभी पात्र 24 जिला पंचायतों, 253 ब्लॉक पंचायतों और 4,342 ग्राम पंचायतों को लाभ मिलेगा। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यह अनुदान मुख्य रूप से दो श्रेणियों- अप्रतिबंधित अनुदान और बद्ध अनुदान में विभाजित होता है जिनका उपयोग विशिष्ट विकास कार्यों के लिए किया जाना अनिवार्य है। इनकी अनुशंसा पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय द्वारा की जाती है, जिसे वित्त मंत्रालय की ओर से अनुमोदित और जारी किया जाता है। केंद्र की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वशासन को बढ़ावा देना और बुनियादी सुविधाओं में सुधार करना है।

## राष्ट्रपति ने जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन से स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में भरी उड़ान

एजेंसी

जैसलमेर। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार सुबह जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन से स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की जरूरत को देखते हुए वायु सेना में शामिल किये गए एलसीएच 'प्रचंड' से पाकिस्तान और चीन के खिलाफ भारतीय वायु सेना और मजबूत हुई है। इससे पहले राष्ट्रपति लड़ाकू विमान राफ़ेल और सुखोई में उड़ान भर चुकी हैं। मल्टी रोल वाले हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' की जोधपुर में पहली 'धनुष' स्क्वाड्रन बनाई गई है। भारतीय सेनाओं की भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विशेष तौर पर तैयार किये गए यह हेलीकॉप्टर दुर्गम स्थानों और सघन पर्वतीय क्षेत्रों में भी कारगर हैं। इसे कई तरह के बड़े बम, बंदूकों और मिसाइलों से लैस किया जा सकता है। हवा में



उड़ान भरते वक्त और दुश्मन को चकमा देते वक्त भी अपाचे हेलीकॉप्टर पहाड़ियों और घाटियों में छिपे दुश्मन पर सटीक निशाना लगा सकता है। अचूक निशाने की वजह से हेलीकॉप्टर के गोला-बारूद बर्बाद नहीं होते हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में निर्मित प्रचंड पूरी तरह भारत में बनाया गया लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) है। इसे खासतौर पर ऊंचे पहाड़ों लद्दाख, सियाचिन जैसे इलाकों के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति मुर्मु शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर जिले में पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना के शक्तिशाली फायरपावर 'वायु शक्ति' अभ्यास देखने के लिए आईं थीं। इसी दौरान उन्होंने स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी। यह पहली बार है जब किसी राष्ट्रपति ने एलसीएच 'प्रचंड' में उड़ान भरी है। उन्होंने उड़ान के दौरान 'वायु शक्ति' अभ्यास क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण भी किया। शाम को राष्ट्रपति पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना के सबसे बड़े फायरपावर चाहिए। बॉन्ड बाजार में सुधार कर दीर्घकालीन विकास, स्थिरता और विदेशी निवेश बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए भरोसा, तरलता, नए साधन और बेहतर जोखिम प्रबंधन जरूरी हैं। उन्होंने सभी हितधारकों से बजट के नए अवसरों का लाभ उठाने और मिलकर बेहतर परिणाम देने की अपील की।

## दिल्ली की अदालत ने आबकारी घोटाले में

# केजरीवाल सिसोदिया समेत 21 अन्य आरोपियों को बरी किया

### दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली कोर्ट के फैसले के बाद तृणमूल का भाजपा पर हमला

एजेंसी

नयी दिल्ली । दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत देते हुए यहां की एक अदालत ने दोनों नेताओं को कथित शराब नीति घोटाला मामले में शुक्रवार को बरी कर दिया और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। इसके अलावा इस मामले में 21 अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया गया। सीबीआई आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने जांच में हुई चूक के



लिए संघीय जांच एजेंसी को फटकार लगाते हुए कहा कि केजरीवाल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं थे, जबकि सिसोदिया के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता था। उन्होंने 'कुछ भ्रामक कथनों पर जोर दिया और कहा कि विस्तृत आरोपपत्र में कई कमियां हैं जिनकी पुष्टि सबूतों या गवाहों से नहीं होती है। न्यायाधीश सिंह ने कहा आरोपपत्र में आंतरिक विरोधाभास हैं, जो साजिश की थ्योरी की जड़ पर प्रहार करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सबूत के अभाव में केजरीवाल के खिलाफ लगाए गए आरोप टिक नहीं सकते और पूर्व मुख्यमंत्री को बिना किसी ठोस सबूत के फंसाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि यह कानून के शासन के प्रतिकूल था। सिसोदिया के संबंध में न्यायाधीश ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है जो उनकी संलिप्तता को दर्शाता हो और न ही उनसे कोई बरामदगी की गई है। मामले में विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी की कथित आबकारी नीति से जुड़े मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपों से मुक्त कर दिया है।

### पुखराज हत्याकांड : उम्र कैद की सजा सुनते ही हत्यारोपितों ने भरी

# अदालत में दी जज को जान से मारने की धमकी

एजेंसी

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में कार से कुचलकर पुखराज सिंह की हत्या करने के दोषियों को जज द्वारा उम्रकैद की सजा सुनाई गई। इसके बाद आरोपित जयदीप और पिंटू चौहान ने सजा सुनाने वाले जज को भरी अदालत में ही जान से मारने की धमकी दे डाली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। न्यायालय द्वारा जिस मामले में आरोपितों को सजा सुनाई गई और बिजनौर जिले का चर्चित प्रकरण रहा है। दरअसल यह मामला 19 मई 2024 का है। मृतक की बेटी रेनू द्वारा धामपुर थाने में दर्द कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि उसके पिता पुखराज सिंह पुत्र भोपाल सिंह निवासी गांव मथुरा दुर्गा थाना धामपुर अपने खेत में काम करते हुए जयदेव चौहान निवासी शिवाला कंला तथा गांव शेरगढ़ निवासी पिंटू चौहान द्वारा कार से



कुचलकर हत्या कर दी गई थी ▸ इस मामले में मृतक पुखराज की बड़ी बेटी अंजलि की आरोपित जयदीप के बड़े भाई प्रदीप के साथ 2013 में शादी हुई थी जिसे ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे इसी के चलते उसने अपनी ससुराल वालों के खिलाफ 17 मुकदमे दर्ज कर रखे थे इसमें पति व ससुर को भी कोर्ट से सजा हुई थी इन मुकदमों की पैरवी पिता पुखराज करते थे, जिसके कारण उसके पिता पुखराज की हत्या कर दी गई ▸ इसी हत्या प्रकरण की सुनवाई करते हुए एडीजे निजेंद्र कुमार ने आरोपित जयदीप और पिंटू चौहान को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई।

# भारतीय किसान यूनियन ने भारत और अमेरिका के बीच डील को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के सैकड़ों कार्यकताओं ने भारत-अमेरिका के बीच हाल ही में घोषित अंतरिम ट्रेड डील (फ्री ट्रेड समझौते) और केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने इस डील को भारतीय कृषि और स्थानीय बाजारों के लिए घातक बताया और विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाने की कोशिश की।प्रदर्शन की पूर्व सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर था। कोतवाली के अलावा सेहरामऊ, माधोटांडा और घुंघचिहाई थानों की फोर्स तैनात की गई। सिरसा चौराहा, घुंघचिहाई चौराहा, मंडी समिति गेट और तहसील परिसर सहित प्रमुख स्थानों पर भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया भी



किसान यूनियन (चढूनी) के कार्यकताओं से डोनाल्ड ट्रंप का पुतला छीनती हुई

मौके पर मौजूद रहे। तहसील कर्मचारियों को भी सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न पॉइंट्स पर तैनात किया गया।तहसील परिसर में किसान नेताओं और प्रशासन के बीच पुतला दहन को लेकर तीखी बहस और नोकझोंक हुई। किसान नहीं माने और तहसील से पैदल मार्च निकालकर सिरसा चौराहे की ओर बढ़ गए, जहां पुतले पहले से पहुंचाए जा चुके थे। किसानों ने प्रशासन से साफ कहा कि वे भारत के प्रधानमंत्री का पुतला नहीं, बल्कि केवल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाना चाहते हैं, क्योंकि डील से भारतीय किसानों को नुकसान हो रहा है।इस पर पुलिस और किसानों के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसमें पुतलों के कपड़े फट गए। गुस्साए किसानों ने पुतले के बचे हुए अवशेषों में आग लगा दी और जोरदार विरोध दर्ज कराया।

आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर तैनात रही और फायरकर्मियों ने गैस की मदद से आग बुझाई।किसान नेताओं ने कहा कि भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील (जिसके तहत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करने की बात है) से देश के किसानों की आय पर बुरा असर पड़ेगा, स्थानीय बाजार बर्बाद होंगे और सस्ते आयात से भारतीय उत्पादक प्रभावित होंगे। उन्होंने एमएसपी की कानूनी गारंटी, किसानों की कर्ज माफी और किसान हितैषी नीतियों की मांग दोहराई। प्रदर्शन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।इस मौके पर भूपेंद्र सिंह (तराई प्रदेश अध्यक्ष), गुरविंदर सिंह (प्रदेश सचिव), गुरजिंदर सिंह (मंडल उपाध्यक्ष), मनदीप सिंह (तहसील प्रभारी कलीनगर), गुरप्रीत सिंह (तहसील अध्यक्ष बीसलपुर), जगविंदर सिंह (तहसील अध्यक्ष पूरनपुर), अमरीक सिंह (जिला सचिव), रेशम सिंह, गुरदीप सिंह, श्यामल सरकार और सुरेश यादव सहित दर्जनों किसान नेता मौजूद रहे।यह प्रदर्शन पूरे देश में चल रहे किसान विरोध का हिस्सा है, जहां विभिन्न संगठन इस ट्रेड डील को किसानों के खिलाफ बता रहे हैं। प्रशासन ने स्थिति को शांतिपूर्ण रखने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी और कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई।

## मानव स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण के स्वास्थ्य को भी संवारेगा निशक्त जन सेवा संस्थान

- **संस्था अध्यक्ष अमृत लाल ने किया मुख्य अतिथि का स्वागत**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मानवता की सेवा में समर्पित 'निशक्त जन सेवा संस्थान ने आज शहर के अंकुर राइस मिल में मासिक कैंप का आयोजन किया। कैंप में न केवल भारी संख्या में जरूरतमंदों की मदद की गई, बल्कि आगामी होली के त्यौहार को देखते हुए खुशियां भी बांटी गईं।

प्रमुख सेवाएं और वितरण

कैंप के दौरान विभिन्न शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों को राहत पहुंचाई गई। 265 मरीजों की आंखों की जांच करवाकर 240 लोगों को चश्मे व दवाइयां वितरित की गयीं । मोतियाबिंद से ग्रसित 22 मरीजों को ऑपरेशन के लिए रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

सुनने में असमर्थ लोगों को कान की मशीनें प्रदान की गईं। मशीन की मदद से पहली बार आवाज सुनकर मरीजों के चेहरे खुशी से दमक उठे। होली से पूर्व विधवा महिलाओं को नई साड़ियां वितरित की गईं। कृत्रिम हाथ और भविष्य की योजना के सम्बन्ध में

संस्थान के अध्यक्ष अमृत लाल ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि जिन व्यक्तियों के हाथ कोहनी और पंजे के बीच से कटे हुए हैं, उनके लिए बैटरी चलित ऑटोमेटिक विदेशी हाथ मंगवाए जा रहे हैं। आज ऐसे 15 मरीजों का पंजीकरण हुआ। जैसे ही 100 पंजीकरण पूरे होंगे,विशाल कैंप लगाकर ये हाथ पूरी तरह निःशुल्क लगाए जाएंगे।

विशेषज्ञ जांच एवं कैंप में अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गईं। 13 हृदय रोगिओं के मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गईं।दाँत के चिकित्सक ने परीक्षण कर दवाई बाँटी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और आयुर्वेदाचार्य आशुतोष पंत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे । उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने के लिए निःशुल्क पौधे वितरित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल कमल, राजेंद्र वर्मा, चिरंजीव गौड़, असलम, मोहम्मद कामिल खां, डॉ. प्रेम सागर शर्मा, अनिल गुप्ता, कविता वंशवाल और अभिनय गुप्ता सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## गढ़ा कलां की गौशाला में अनियमितताओं पर हंगामा, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



विश्व हिंदू परिषद के खंड समिति कार्यकर्ता उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को ज्ञापन देते हुए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** न्याय पंचायत जोगराजपुर के ग्राम गढ़ा कलां स्थित गौशाला में अव्यवस्थाओं को लेकर मामला तूल पकड़ गया। विश्व हिंदू परिषद के खंड समिति कार्यकताओं की शिकायत पर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप शर्मा व जिला सह मंत्री रूम सिंह यादव ने गौशाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में आरोप है कि गौशाला संचालक ग्राम प्रधान राममूर्ति व ग्राम सचिव अखिलेश गुप्ता ने मृत गाय के शव को मात्र दो फीट गड्ढे में दफना दिया। अधूरा दफन होने के कारण कुत्तों द्वारा शव को खोदकर नोचने की बात सामने आई। गौशाला परिसर के आसपास कंकाल अवशेष पड़े मिले। जल्दबाजी में दफनाए गए शव से दुर्गंध फैलने व मक्खियां लगने की भी शिकायत की गई।

कार्यकताओं का आरोप है कि जब इस संबंध में प्रधान से आपत्ति जताई गई तो उनके पुत्र आकाश ने शासन-प्रशासन के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी। जिस मामले में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में दोषियों पर कठोर कार्रवाई तथा जिले की सभी गौशालाओं का समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में रूम सिंह यादव (जिला सह मंत्री पीलीभीत), प्रदीप शर्मा (प्रखंड अध्यक्ष पूरनपुर), सोनू पांडे (जिला गौ रक्षा प्रमुख), मुरारी लाल (जिला सह संयोजक विधि), नवनीत मिश्रा (प्रखंड मंत्री), इंद्रजीत शर्मा (गौ रक्षा प्रमुख), सुनील वर्मा (गौ सेवा प्रमुख), धर्मेंद्र मिश्रा (मठ मंदिर प्रमुख), लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति (सेवा प्रमुख), अनुज यादव (प्रखंड सह मंत्री), नीरज सिंह (प्रखंड साप्ताहिक मिलन प्रमुख), माधुरी सक्सेना (प्रखंड मातृ शक्ति संयोजिका), राज किशोर शुक्ला (प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख) सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आबकारी अधिकारी की सतर्कता से कब्जे में ली गई कच्ची शराब, 3 पर मुकदमा दर्ज



जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** होली के त्यौहार को देखते हुए आबकारी विभाग सतर्क हो गया है। होली पर्व से पहले अवैध शराब के अड्डों के पर छापेमारी के लिए प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग की 5 टीम बनाई गई है जो, लगातार विभिन्न गांवों में लगातार छापेमारी कर रही है। आबकारी आयुक्त के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के निर्देशन में और जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक के नेतृत्व में शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1, क्षेत्र 4 व क्षेत्र 5 मय आबकारी स्टॉफ, माधोटांडा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कलीनगर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा कलीनगर, नारायणपुर बुजुर्ग गुहाय, लोहरपूरी ग्राम इत्यादि के संदिग्ध स्थलों पर दबिश की कार्यवाही की गई ।दबिश के दौरान लगभग 50लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर मौके पर ही लगभग 400किलो लहन नष्ट कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 अंतर्गत अज्ञात लोगों पर 03 अभियोग पंजीकृत किए गए। इस दौरान आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 आशुतोष तिवारी, क्षेत्र 4 मनीष कुमार, क्षेत्र 5 दीपक कुमार मय आबकारी स्टाफ रहे।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम, आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर ने कहा कि शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग में अपनी मेहनत के बदौलत आमजन की धारणाओं को बदला है। हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उत्सव कार्यक्रम में जिले भर के आंगनबाड़ी कार्यकताओं और नोडल शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत में स्कूल बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूली बच्चों की प्रतिमा को देखकर लोग दंग रह गए हैं। हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में टी एल एम स्टॉल लगाई गई। जिसका मूल्यांकन जिला पंचायत



मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर दलजीत कौर स्मृति चिन्ह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह से लेती हुई

अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने किया। टीचर लर्निंग मटेरियल स्टॉल लगाने में प्राथमिक विद्यालय रमपुरिया सिरसा प्रथम स्थान पर रहा। दूसरे स्थान पर अमरिया के कंपोजिट विद्यालय फरदिया माधोपुर रहा। तीसरे स्थान पर क्रमशः प्राथमिक विद्यालय सडा गोटिया और पूरनपुर के कल्याणपुर स्कूल को मिला। बेहतर कार्य करने वाले नोडल शिक्षक संकुल को भी जिला पंचायत अध्यक्ष को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बीएसए रोशनी सिंह ने कहा शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चों के साथ बेहतर व्यवहार करें। जिससे बच्चा स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र पर आने के लिए खुद व खुद आतुर रहे। स्कूलों में बेहतर माहौल तैयार करें। इस मौके पर जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार, राकेश पटेल, दीपक जायसवाल, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार,के के सागर, सुगंध अग्रवाल, नीरजा शुक्ला, सय्यदा , शबाना बी, अवंती गंगवार, अंजलि गंगवार, डॉली सिंह, सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन से वैभव जैसवार ने किया।

## गोकुल बने अध्यक्ष भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश ने किया स्वागत

**पीलीभीत।** भाजपा के जिलाध्यक्ष के पद पर गोकुल प्रसाद मौर्य को चुना गया है। बीते कई दिनों से अध्यक्ष पद के लिए जद्दोजहद चल रही थीं। गोकुल के जिलाध्यक्ष बनने से भाजपा कार्यकताओं में अलग ही जोश देखने को मिला। कार्यालय के बाहर गोकुल ने दंडवत प्रणाम करने के बाद कार्यालय में प्रवेश किया। इस दौरान पूर्व में जिलाध्यक्ष रहे संजीव प्रताप सिंह ने उनका स्वागत कर



उनका कार्यालय में स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यालय पर हवन पूजन के बाद गोकुल ने अपने पद को स्वीकार किया। इस दौरान गोकुल ने कहा कि जिलाध्यक्ष के रूप में मै भाजपा के कार्यकताओं के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। आगामी चुनावों में भाजपा फिर से चुनाव जीतेगी। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा के नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, उपाध्यक्ष नितिन सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, गौरव दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## डालीगंज-मैलानी पैसेंजर ट्रेन को पीलीभीत तक बढ़ाने की उठी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के लोगों ने रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए ट्रेन संख्या 55087 एवं 55088 को पीलीभीत तक विस्तारित करने की मांग उठाई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वर्तमान में यह ट्रेन डालीगंज रेलवे स्टेशन से चलकर रात में मैलानी जंक्शन तक पहुंचती है, लेकिन यदि इसे पीलीभीत तक बढ़ा दिया जाए तो क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिल सकेगा। सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्रामीणों, व्यापारियों और छात्रों का कहना है कि पीलीभीत से लखनऊ समेत अन्य शहरों के लिए बड़ी संख्या में लोग रोजाना यात्रा करते हैं। वर्तमान व्यवस्था में यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ट्रेन का विस्तार होने से लोगों को सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी और समय की भी बचत होगी।क्षेत्र के लोगों ने यह भी प्रस्ताव रखा है कि यदि ट्रेन को पीलीभीत तक बढ़ाया जाए तो इसे पीलीभीत से सुबह 4:00 बजे डालीगंज के लिए रवाना किया जाए। इससे यात्रियों को सुबह के समय लखनऊ पहुंचने में सुविधा होगी और नौकरीपेशा लोगों के साथ-साथ छात्रों और व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस संबंध में जल्द ही रेल प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उनका मानना है कि जनहित को देखते हुए यदि रेलवे इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है तो पूरे क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी और यात्रियों को राहत मिलेगी।लोगों ने रेल मंत्रालय और रेलवे प्रशासन से मांग की है कि यात्रियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन का विस्तार कर समय सारणी में आवश्यक बदलाव किए जाएं, ताकि पीलीभीत और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर रेल सुविधा मिल सके

## जिले में गुटका-सिगरेट की कालाबाजारी का जाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर से लेकर गांव तक इन दिनों गुटका और सिगरेट की कालाबाजारी ने संगठित रूप ले लिया है। बाजार में कृत्रिम कमी का माहौल बनाकर उपभोक्ताओं से खुलेआम मनमाना दाम वसूला जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ दुकानदार और सप्लाई चैन से जुड़े लोग मिलकर स्टॉक रोक रहे हैं, ताकि माल की कमी दिखाकर ऊंची कीमत वसूली जा सके। इस पूरे मामले ने आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे दुकानदारों को भी परेशानी में डाल दिया है।जानकारी के अनुसार, बाजार में दिन के समय अधिकतर दुकानों पर गुटका और सिगरेट का स्टॉक खत्म होने का हवाला दिया जा रहा है, जबकि शाम ढलते ही चुनिंदा ग्राहकों को वही सामान एमआरपी से करीब 50 से 100 रुपये तक अधिक कीमत पर उपलब्ध कराया जा रहा है। कई जगह बिना बिल के बिक्री किए जाने की भी चर्चा है, जिससे आधिकारिक रिकॉर्ड में स्टॉक कम दिखाया जा सके।स्थानीय लोगों का कहना है कि थोक स्तर पर पर्याप्त माल आने के बावजूद खुदरा दुकानों तक सीमित आपूर्ति की जा रही है। नकद लेनदेन कर बिलिंग से बचने और अधिक मुनाफा कमाने के लिए यह तरीका अपनाया जा रहा है। कुछ लोगों का आरोप है कि छोटे दुकानदारों पर भी दबाव बनाया जा रहा है, ताकि वे ऊंचे दाम पर माल खरीदें और उसी हिसाब से ग्राहकों से वसूली करें। बाजार में कमी की अफवाह फैलाकर मांग को नियंत्रित करना भी इस पूरे खेल का हिस्सा बताया जा रहा है।एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री सीधे तौर पर उपभोक्ता संरक्षण नियमों का उल्लंघन है, लेकिन स्थानीय स्तर पर शिकायत व्यवस्था मजबूत न होने के कारण लोग खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं। कई ग्राहकों का कहना है कि यदि वे अधिक कीमत देने से इनकार करते हैं तो दुकानदार अगली बार सामान देने से मना कर देते हैं। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश और असंतोष बढ़ता जा रहा है।सूत्रों का दावा है कि कुछ छोटे दुकानदार खुद भी इस व्यवस्था के शिकार हैं। उन्हें थोक विक्रेताओं से सीमित मात्रा में माल मिलता है और वह भी ऊंचे दाम पर। ऐसे में वे मजबूरी में उपभोक्ताओं से अधिक कीमत वसूलने लगते हैं। यदि यह स्थिति सही है, तो मामला केवल खुदरा दुकानों तक सीमित नहीं बल्कि पूरी आपूर्ति श्रृंखला की जांच का विषय बन सकता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक प्रशासन की ओर से कोई बड़ी संयुक्त छापेमारी या सार्वजनिक कार्रवाई सामने नहीं आई है। बाजार में यह चर्चा तेज है कि आखिर नियमित स्टॉक सत्यापन क्यों नहीं किया जा रहा। क्या थोक गोदामों का भौतिक सत्यापन हुआ है, क्या बिलिंग और वितरण का ऑडिट किया गया है, और क्या उपभोक्ता शिकायतों का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि बाजार में पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं को एमआरपी पर ही सामान मिल सके।

## सभ्यता व संस्कृति का संगम है भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव- जिलाधिकारी

### भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव दोनों देशों के कवि/कलाकारों ने प्रस्तुत किए कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आज गांधी प्रेक्षागृह परिसर में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 दलजीत कौर, महोत्सव के नोडल अतुल द्विवेदी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में दोनों देशों की कला व संस्कृति का अदभुत संगम दिखा। कार्यक्रम का शुभारम्भ कवि सम्मेलन से हुआ।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव सभ्यता व संस्कृति का संगम है। इससे लोग एक-दूसरे की सभ्यता व






भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के भव्य आयोजन कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

संस्कृति से परिचित होंगे। यह मैत्री महोत्सव भारत सरकार एवं उ.प्र. सरकार की ओर से एक अच्छी पहल है, ऐसे आयोजन से दोनों देशों के बीच पुरातन काल से चली आ रही दोस्ती और मजबूत होगी। इसलिए हम नेपाल को भारत से पृथक सोच ही नहीं सकते।

कवि सम्मेलन में शिव कुमार व्यास बाराबंकी, श्यामल मजूमदार पश्चिम बंगाल, नीरज पाण्डेय व उत्कर्ष उत्तम रायबरेली, सरोज सरगवान पीलीभीत, प्रख्यात मिश्रा, प्रमोद द्विवेदी व अशोक अग्निहोत्री लखनऊ से आए प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्र, संस्कृति, सामाजिक सरोकार एवं मानवीय संवेदनाओं को प्रभावी स्वर प्रदान किया। कवियों की ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पंडाल तालियों से गूंज उठा।

कवि सम्मेलन के उपरान्त सरिता मिश्रा द्वारा लोक गायन, शशांक ऋषि शंखधर एवं दल द्वारा नुक्कड नाटक, शिव नारायण का चकरी नृत्य (राजस्थान), नेपाली कलाकारों का लोक नृत्य, अंजू रानी द्वारा लोक गायन, कृष्ण प्रसाद त्रिवेदी द्वारा भजन गायन, श्याम जीत सिंह द्वारा लोक गायन, संदीप सिंह एव दल द्वारा थारू नृत्य की प्रस्तुति की गई। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत एवं नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत, लोक परम्पराओं एवं जनजातीय कला रूपों की सजीव अभिव्यक्ति मंच देखने को मिली।

## बोरों में मिले गौवंश के अवशेष, एक हफ्ते में दूसरी वारदात से बवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर गौकशी का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। रिछा-जहानाबाद मार्ग पर ग्राम गरगईया के पास स्थित सिंघिया नदी पुल के किनारे चार-पांच बोरों में बंद गौवंश के अवशेष पड़े मिले। सूचना मिलते ही पुलिस और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना होने से क्षेत्र में तनाव फैल गया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोरों की जांच कर अवशेषों के नमूने सुरक्षित किए और बाद में उन्हें जमीन में दफना दिया। मौके पर सीओ बहेड़ी अरुण कुमार और कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

घटना की खबर फैलते ही गौरक्षा हिंदू दल, सनातन गौरक्षा दल और राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने हंगामा किया। उन्होंने रिछा चौकी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द खुलासे की मांग की। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व भी रिछा क्षेत्र में गौकशी के अवशेष मिले थे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का दावा किया है और जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

## गेट न खुला तो नशे में युवक का हंगामा

**बरेली/बहेड़ी।** केसर इंटरप्राइजेज लिमिटेड की फैक्ट्री कॉलोनी में गुरुवार रात शराब के नशे में धुत एक युवक ने जमकर उत्पात मचाया। डंडिया फार्म निवासी विनीत चौधरी तेज रफ्तार इसुजु गाड़ी से फैक्ट्री गेट पहुंचा और पेराई सत्र बंद होने पर गेट न खोलने से भड़क गया। आरोप है कि उसने बैरियर पर तोड़फोड़ की, चौकीदार की गुमटी में रखे टेलीफोन व रजिस्टर तोड़ दिए, मोटरसाइकिल गिरा दी और रायफल से गोली मारने की धमकी दी। बाद में कॉलोनी में सहायक उपाध्यक्ष के आवास का दरवाजा तोड़ने की कोशिश भी की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## आवासीय योजना ने पकड़ी रफ्तार, होली बाद होगा आवंटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के सीबीगंज-परसाखेड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित 1200 एकड़ की बड़ी आवासीय योजना को अब जमीन पर उतारने की तैयारी तेज हो गई है। आवास एवं विकास परिषद ने परियोजना को पहले चरण में चार सेक्टरों में विकसित करने का खाका तैयार कर लिया है। लैंड पूलिंग के तहत सहमति देने वाले 200 किसान-काश्तकारों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे, जबकि निजी भूमि विक्रय के लिए सहमति देने वाले करीब 1200 किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

परियोजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक सेक्टर चार, पांच, छह और सात का चिह्नांकन बीते माह ही पूरा कर लिया गया है। अब अगला कदम भूखंड आवंटन और मुआवजा



वितरण का है। परिषद का लक्ष्य है कि होली के बाद यह प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी जाए।

भूमि खरीद और मुआवजा वितरण के लिए दर तय करने को लेकर प्रशासनिक प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। अगले एक सप्ताह में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दर निर्धारण समिति गठित की जाएगी। समिति द्वारा दर तय होने के बाद ही आमजन के लिए भूखंडों की बिक्री दर घोषित की जाएगी। रामपुर रोड स्थित सीबीगंज क्षेत्र के ट्यूलिया, हमीरपुर, बोहित, फरीदापुर रामचरण, बल्लिया और मिलक इमामगंज गांवों की लगभग 522 हेक्टेयर भूमि पर इस आवासीय योजना को वर्ष 2011 में शासन से स्वीकृति मिली थी। लंबे समय से विभिन्न कारणों से परियोजना अटकी रही, लेकिन अब विकास में आ रहे अड़ंगे दूर होने के बाद इसे फिर से पटरी पर लाया जा रहा है।

### 200 किसानों की सूची शासन को भेजी गई

लैंड पूलिंग के तहत सहमति देने वाले किसानों में से पहले चरण में 200 किसानों की सूची शासन को भेजी जा चुकी है। इन किसानों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। वहीं भूमि विक्रय करने वाले करीब 1200 किसानों को मुआवजा वितरण की तैयारी चल रही है। हमीरपुर में 223 किसान, ट्यूलिया में 210, धंतिया में 202 सहित अन्य गांवों में भी एक सैकड़ा से अधिक किसान इस योजना से जुड़े हुए हैं। परिषद द्वारा परिसंपत्तियों का चिह्नांकन कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। परिषद के अधिशासी अभियंता राजेंद्र नाथ राम ने बताया कि किसानों से लगातार समन्वय बनाकर परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। उनका कहना है कि प्रयास है कि होली के बाद भूखंड आवंटन और मुआवजा वितरण दोनों प्रक्रियाएं शुरू कर दी जाएं, ताकि वर्षों से लंबित यह योजना अब तेजी से आकार ले सके।

# होली पर ड्रोन की नजर में रहेगा शहर, खुफिया टीमें एक्टिव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रंगों के पर्व होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस महकमा पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। त्योहार में कोई भी उपद्रव न हो, इसके लिए अभी से सुरक्षा का घेरा मजबूत कर दिया गया है। खुफिया इकाइयों को सक्रिय कर दिया गया है, जबकि संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन से निगरानी के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य के अनुसार इस बार होली पर शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी। इससे हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सकेगी। जहां कहीं भी संदिग्ध हलचल दिखेगी, वहां तुरंत फोर्स पहुंचाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि तकनीक के सहारे किसी भी शरारती तत्व को मौका



नहीं दिया जाएगा। होली नजदीक आते ही शहर और देहात क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बाजारों, चौराहों और होलिका दहन स्थलों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

### पीस कमेटी की बैठक, संभ्रांत लोगों से संवाद

तीन दिन पहले पुलिस-प्रशासन ने शहर के संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की थी। बैठक में आपसी सौहार्द बनाए रखने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार भाईचारे का संदेश देता है, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर इसे शांतिपूर्वक मनाएं। एसएसपी अनुराग आर्य रोजाना गूगल मीट के माध्यम से सभी थाना प्रभारियों से समीक्षा कर रहे हैं। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण करें और पुराने विवादों का पहले ही निस्तारण कर लें। डायल 112 के रिकार्ड के आधार पर विवादित स्थलों की सूची तैयार कर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

### विवादित स्थलों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात

एसएसपी ने बताया कि सभी होलिका दहन स्थलों पर अभी से ड्यूटी लगा दी गई है। जिन स्थानों पर पहले किसी प्रकार का विवाद हुआ था, वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कार्रवाई के लिए रिजर्व फोर्स भी तैयार रखी गई है। एसएसपी अनुराग आर्य का साफ कहना है कि शहर में होली पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से मनाई जाएगी। अगर कोई माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर भी निगरानी रखी जा रही है।

## बरेली पुलिस के बेड़े में 16 नई यूपी–112 स्कॉर्पियो शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में अपराधियों और हादसों से जंग लड़ रही पुलिस को एक बार फिर रफ्तार का नया हथियार मिल गया है। जिले को एक साथ 16 नई यूपी-112 स्कॉर्पियो गाड़ियों की सौगात मिली है। दफ्तर से एसएसपी अनुराग आर्य ने इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तो पुलिस महकमे में जोश साफ नजर आया।

कार्यक्रम में एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान, एसपी साउथ अंशिका वर्मा और सीओ प्रथम आशुतोष शिवम समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। एसएसपी ने साफ कहा कि नई गाड़ियों के बेड़े में शामिल होने से पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम में बड़ा सुधार होगा। किसी भी वारदात या हादसे की सूचना मिलते ही यूपी-112 की टीमें अब पहले से कहीं ज्यादा तेजी से मौके पर पहुंचेंगी। पुलिस का मानना है कि तेज रफ्तार और आधुनिक सुविधाओं से लैस ये स्कॉर्पियो गाड़ियां अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव भी बनाएंगी। शहर से लेकर देहात तक गश्त तेज होगी।




चेन स्नेचिंग, लूट, सड़क झगड़ों और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में तत्काल हस्तक्षेप संभव होगा। अब सूचना और एक्शन के बीच की दूरी घटेगी।

### हादसों में गोल्डन आवर पर फोकस

सड़क दुर्घटनाओं में अक्सर देरी जानलेवा साबित होती है। नई स्कॉर्पियो गाड़ियां तेज रफ्तार और बेहतर संचार प्रणाली से लैस हैं, जिससे टीम घटना स्थल पर तुरंत पहुंचेगी और घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 'गोल्डन आवर' को बचाने की यह कोशिश कई जिंदगियां बचा सकती है। इन 16 नई गाड़ियों के सड़कों पर उतरते ही शहर ही नहीं, बल्कि देहात क्षेत्रों में भी पुलिस की मौजूदगी मजबूत होगी। अधिकारी मानते हैं कि यह कदम कानून-व्यवस्था को धार देने के साथ जनता में सुरक्षा का भरोसा भी बढ़ाएगा। बरेली में अब 112 सिर्फ एक नंबर नहीं, बल्कि तेज रफ्तार भरोसे की पहचान बनने जा रहा है।

## कानपुर से खुला बरेली का मिलावट जाल, पनीर–खोया नष्ट, सरसों तेल सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** होली से पहले मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी कर सनसनी फैला दी। कानपुर में 786 किलो घटिया पनीर पकड़े जाने के बाद जांच की आंच बरेली तक पहुंची और मिलावटी पनीर के खेल का पर्दाफाश हो गया। टीम ने सब्जी मंडी स्थित एक कारोबारी के यहां छापा मारकर 580 किलो संदिग्ध पनीर नष्ट कराया, जबकि 18 किलो खोया भी जनहित में खत्म कराया गया।

दरअसल, 26 फरवरी को कानपुर नगर में खराब गुणवत्ता का पनीर पकड़ा गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह माल बरेली से भेजा गया था। सूचना मिलते ही मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम



सक्रिय हुई और रौनक ट्रेडर्स पर दबिश दी। मौके पर अपायकर हालत में भंडारित पनीर मिला। एक नमूना जांच के लिए सील किया गया, शेष माल नष्ट करा दिया गया।

इसी कार्रवाई के दौरान मीरगंज क्षेत्र में एक प्रतिष्ठान से 1191 किलो सरसों का तेल, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.77 लाख रुपये बताई गई, जब्त कर सीज कर दिया गया। इसके अलावा अलग-अलग दुकानों से घी, हल्दी पाउडर, रंगीन चिप्स और कचरी के नमूने भी भरे गए। कुल 10 नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं।


कारोबारी ने पूछताछ में बताया कि पनीर बदायूं जिले के गांवों से खरीदा जाता था। इस सूचना के बाद संबंधित अधिकारियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। एफएसडीए ने साफ किया है कि होली तक अभियान लगातार चलेगा। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। त्योहार में मिठास घोलने की आड़ में सेहत से खिलवाड़ करने वालों के लिए यह स्पष्ट चेतावनी है।

## होली पर यात्रियों को राहत, बरेली रूट पर दौड़ेंगी स्पेशल ट्रेनें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** होली नजदीक आते ही ट्रेनों में मची मारामारी के बीच रेलवे ने बड़ा दांव खेला है। भीड़ से जूझ रहे यात्रियों को राहत देने के लिए दो और होली स्पेशल ट्रेनों का ऐलान कर दिया गया है। इतना ही नहीं, अलग-अलग ट्रेनों में खाली बर्थ की पूरी सूची भी जारी कर दी गई है, ताकि लोग वेटिंग के डर से बाहर निकलकर तुरंत टिकट कंफर्म करा सकें।

04025/04026 गोरखपुर-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल 27 फरवरी से गोरखपुर और 28 फरवरी से आनंद विहार से चलेगी। 04025 गोरखपुर से दोपहर 2 बजे चलकर रात 12:57 बजे बरेली पहुंचेगी और सुबह 6 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में 04026 आनंद विहार से रात 9:05 बजे रवाना होकर 1:18 बजे बरेली होते हुए दोपहर 12 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसके अलावा 04664/04663 अमृतसर-पटना स्पेशल भी 27




फरवरी, 2 और 5 मार्च (अमृतसर से) तथा 28 फरवरी, 3 और 6 मार्च (पटना से) चलाई जाएगी।

### इन गाड़ियों में अभी भी सैकड़ों सीटें खाली

पूर्वोत्तर रेलवे की लिस्ट चौंकाने वाली है। जिन ट्रेनों में वेटिंग की मार पड़ रही है, उन्हीं रूट की स्पेशल गाड़ियों में सैकड़ों बर्थ खाली पड़ी हैं। 05045 लालकुआं-राजकोट स्पेशल में 1 मार्च को एसी थर्ड और स्लीपर में 370-370 बर्थ खाली। 15 मार्च को स्लीपर में 464 बर्थ उपलब्ध। 05301 मऊ-अंबाला कैंट स्पेशल में 5 मार्च को एसी क्लास में अच्छी खासी सीटें खाली हैं और 19 मार्च को स्लीपर समेत सभी श्रेणियों में बर्थ उपलब्ध है। 05005 बढ़नी-अमृतसर स्पेशल में 4 मार्च को 566 स्लीपर बर्थ, 18 मार्च को 578 बर्थ खाली है। 05023 गोमती नगर-खातीपुरा स्पेशल में 3 मार्च को स्लीपर में 579 बर्थ उपलब्ध है। 05060 लालकुआ-कोलकाता स्पेशल में 5 मार्च को एसी और स्लीपर क्लास में भरपूर सीटें हैं। 04021 गोरखपुर-नई दिल्ली स्पेशल में 28 फरवरी को एसी क्लास में ढेरों सीटें खाली हैं। 04513 गोरखपुर-चंडीगढ़ स्पेशल में 27 फरवरी को एसी सेक्शन में पर्याप्त बर्थ उपलब्ध हैं।

### देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस फिर पटरी पर

देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस का संचालन भी दोबारा शुरू हो गया है। 15020 टनकपुर से हफ्ते में तीन दिन और 15019 देहरादून से तीन दिन चलेगी। यह ट्रेन भोजीपुरा, बरेली सिटी और बरेली जंक्शन से होकर गुजरेगी, जिससे स्थानीय यात्रियों को सीधी राहत मिलेगी। रायबाला-देहरादून सिंगल लाइन पर ब्लॉक के चलते 11 मार्च से 14 अगस्त तक 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस 20 मिनट रीशेड्यूल होकर चलेगी। सप्ताह में तीन दिन इसका समय बदलेगा।

### टिकट चाहिए तो अभी करें बुकिंग

होली करीब है और भीड़ हर दिन बढ़ रही है। रेलवे ने गेंद यात्रियों के पाले में डाल दी है, ट्रेनें और खाली सीटें दोनों सामने हैं। अब देर करने का मतलब सिर्फ लंबी वेटिंग लिस्ट है। जो घर रंग खेलने समय पर पहुंचना चाहते हैं, उनके लिए कंफर्म टिकट कराने का अभी सबसे सही समय है।

### आर.एन.टी.आई.सी. में शुरू हुई आधुनिक लैब्स, छात्रों को मिलेगी तकनीक से जुड़ी शिक्षा

## एआई-रोबोटिक्स और ड्रोन लैब से बदलेगी पढ़ाई की तस्वीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट क्षेत्र स्थित आरएन टैगोर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षा के मैदान में बड़ा धमाका हुआ। नए शैक्षणिक सत्र से पहले ही कॉलेज को हाईटेक पहचान मिल गई। मेजर जनरल आई. एस. गिल ने चार अत्याधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन कर छात्रों के भविष्य को नई दिशा दे दी। परिसर तालियों की गूंज और उत्साह से भर उठा।

कार्यक्रम में कैंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन की मौजूदगी में कलाकृति स्टूडियो, नवचेतना लाइब्रेरी, एआई एंड रोबोटिक्स लैब और एआई ड्रोन लैब का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर इन आधुनिक संसाधनों को विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया। पूरा परिसर फूलों से



सजा था और छात्र-छात्राओं की आंखों में भविष्य के सपनों की चमक साफ दिख रही थी।

अपने संबोधन में मेजर जनरल आई. एस. गिल ने साफ कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो तकनीक से दोस्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि एआई और रोबोटिक्स जैसे संसाधन बच्चों को सिर्फ पढ़ाएंगे नहीं, बल्कि उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेंगे। ड्रोन तकनीक, ऑटोमेशन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आने वाले समय की सबसे बड़ी ताकत हैं, और अब बरेली के छात्र भी इस दौड़ में पीछे नहीं रहेंगे। सीईओ डॉ. तनु जैन ने बताया किकलाकृति स्टूडियो बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को नया मंच देगा। नवचेतना लाइब्रेरी



अध्ययन का आधुनिक और शांत वातावरण उपलब्ध कराएगी। एआई एंड रोबोटिक्स लैब में छात्र रोबोट बनाना और कोडिंग सीखेंगे। एआई ड्रोन लैब के जरिए उन्हें ड्रोन टेक्नोलॉजी और उसके प्रायोगिक उपयोग की जानकारी मिलेगी।

कार्यक्रम में ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह, ड्डस्रू और छावनी बोर्ड के नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल सहित कई अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे। आयोजन सादगीपूर्ण होते हुए भी प्रभावशाली रहा। अधिकारियों ने कहा कि सैन्य अनुशासन और आधुनिक शिक्षा का यह संगम छात्रों को आत्मविश्वासी और सक्षम बनाएगा। कैंट क्षेत्र के इस प्रतिष्ठित संस्थान में हाईटेक लैब की शुरुआत से यह साफ हो गया है कि अब बरेली में भी शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहेगी। तकनीक आधारित शिक्षा से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं, स्टार्टअप और रक्षा सहित कई क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। शिक्षकों और अभिभावकों ने इस पहल को भविष्य की जरूरत बताते हुए सराहा। छात्रों का कहना था कि अब वे भी रोबोट बनाना और ड्रोन उड़ाना सीख सकेंगे।

## जाट रेजिमेंट केंद्र में 11 से अग्निवीर भर्ती रैली, 12 जिलों के युवाओं की उमड़ेगी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जाट रेजिमेंट केंद्र, बरेली परिसर में 11 से 23 मार्च तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत होने वाली इस भर्ती में बरेली सहित 12 जनपदों के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। इसे लेकर जिला प्रशासन और सेना ने संयुक्त रूप से तैयारियां तेज कर दी हैं।

गुरुवार को केंद्र के सभागार में आयोजित बैठक में व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल, चिकित्सा शिविर, चिकित्सकीय वाहन, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भीड़ नियंत्रण और



कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। यातायात सुचारु रखने के लिए परिवहन विभाग को अग्रिम योजना तैयार करने को कहा गया है। सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाएगी। अभ्यर्थियों से समय से पहुंचने, सभी मूल प्रमाण पत्र साथ लाने और किसी भी प्रकार की अफवाह या बिचौलियों से दूर रहने की अपील की गई है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को अग्निवीर (तकनीकी) तथा 12 मार्च को अग्निवीर (कारीगर श्रेणी) और दफ्तरी लिपिक पदों के लिए सभी 12 जनपदों के अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। 13 मार्च से 19 मार्च तक क्रमवार विभिन्न जिलों के लिए अग्निवीर (सामान्य सेवा) की रैली आयोजित की जाएगी।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र सेना के आधिकारिक भर्ती जाल पृष्ठ से प्राप्त कर उसकी प्रति साथ अवश्य रखें। यदि किसी कारणवश प्रवेश पत्र प्राप्त करने में कठिनाई हो तो अभ्यर्थी प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच सेना भर्ती कार्यालय, बरेली में संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि भर्ती के दौरान युवाओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

# भूखे-प्यासे रहना ही रोजा नहीं होता है: खुशनूद मियां

- **दूसरे जुमे को नमाजियों से भरी रही मस्जिदें, मुल्क में अमन शांति के लिए कराई गई दुआएं**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** रमजान के दूसरे जुमे पर नमाजियों से मस्जिदें भरी रहीं। रमजान के दूसरे जुमे को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से ही तैयारियों में लगे रहे। शहर की जामा मस्जिद में काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने नमाज अदा कराई। इससे पहले उन्होंने खुतबा के दौरान रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि सिर्फ भूखे-प्यासे रहना ही रोजा नहीं होता है बल्कि रोजा का मतलब हर बुराइयों से दूर रहकर अल्लाह की नजदीकी हासिल करना है। यह नजदीकी हमें तभी हासिल हो सकती है।



जामा मस्जिद में दूसरे जुमे पर नमाज अदा करने के बाद दुआ करते नमाजी।

जब हम अपनी नब्ज पर काबू रखते हुए रोज पांच वक्त की नमाज अदा करते रहे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग रमजान में नमाज के पाबंद हो जाते हैं। ठीक उसी तरह से हमेशा रहना चाहिए। अगर हम सभी रोजा, नमाज के पाबंद हो जाएं तो दिल से बुराईयों की मैल अपने आप साफ हो जाएगी। इसके साथ ही हमें अल्लाह की नजदीकी हासिल होती चली जाएगी। जुमे की नमाज में नौजवान, बूढ़े और बच्चे लगभग सभी की तादाद ज्यादा रही। इसके साथ ही सभी ने खूतबा सुना और नमाज अदा की। नमाज अदा कर बारगाहे इलाही में सभी अपने हाथों को फैलाकर देश में अमन-चैन कायम रखने के लिए दुआएं मांगी। इसके अलावा शहर के अधिकतर मस्जिदों पर लोगों ने नमाज अदा की।

## जकात गरीबी खत्म करने का आसान और नेक तरीका

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**टांडा।** रमजान के दूसरे जुमे को मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं।जामा मस्जिद में मुफ़्ती फहीम उस्मानी ने रोजा और जकात की अहमि/यत पर बयान किया।मुफ़्ती ने बताया कि इस्लाम में जकात बहुत बड़ा काम है। यह सिर्फ. पैसे देना नहीं, बल्कि समाज से गरीबी मिटाने का अल्लाह का खास तरीका है। अमीर के पैसे में से थोड़ा-सा हिस्सा निकालकर गरीबों को देना होता है।ताकि कोई भूखा न रहे, कोई लाचार न रहे। यह सबके लिए अच्छा है।अमीर को भी सवाब मिलता है, गरीब को भी मदद मिलती है।कुरान में अल्लाह ने बार-बार कहा है कि नमाज पढ़ो और जकात दो।यह दिखाता है कि जकात कितनी जरूरी है। यह इस्लाम के 5 बड़े कामों में से एक है। आजकल कुछ लोग या तो जकात देते ही नहीं या थोड़ा-सा पैसा दे



देते हैं और सोचते हैं काम हो गया,लेकिन सही हिसाब नहीं करते। कुरान कहता है कि जो ऐसा करेंगे, कयामत के दिन उनके पैसे को आग में गर्म करके उनके शरीर पर लगाया जाएगा। बहुत डरावनी बात है। जकात सबसे पहले अपने गरीब रिश्तेदारों को दें। फिर मदरसों, कुरान पढ़ाने वालों, दीन की सेवा करने वालों को दें।क्योंकि ये लोग हमारा दीन बचाते हैं। अगर सब लोग जकात दें तो कोई भूखा नहीं सोएगा, गरीबी बहुत कम हो जाएगी, सबके बीच प्यार और भाईचारा बढ़ेगा, समाज बहुत अच्छा और खुशहाल बन जाएगा जकात अल्लाह का बहुत प्यारा तोहफा है। यह सबके लिए फायदेमंद है।आज से ही सही हिसाब करके, दिल से जकात देने का इरादा करें।

## शाहबाद- बिलारी स्टेट हाइवे पर बाइकों में भिड़ंत , एक घायल, रेफर

**शाहबाद।** शुक्रवार को दो बाइकों की आपस में भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए शाहबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार मुरादाबाद थाना मुंडापांडे के लाला टीकर निवासी शाहिद पुत्र मियांजान सैफनी किसी काम से आए हुए थे। सैफनी से वापस अपने गांव लौट हुए दनियापुर के निकट तेज रफ्तार आ रही बाइक में शाहिद की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी इसके बाद शाहीद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और घायल को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद पहुंचाया डॉक्टर ने घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया और हालात को गंभीर देखते हैं बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

# एकादशी के मौके पर निकाली निशान यात्रा

- **ढोल नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ हुई आतिशबाजी**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** श्री श्याम भक्त परिवार चौकी हजियानी की ओर से शुक्रवार को एकादशी के मौके पर छठ दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव निशान यात्रा के साथ खाटू श्याम जी की निशान यात्रा व प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम करीब 6 बजे चौकी हजियानी से उत्सव स्थल तक ढोल नगाड़ों बैंड बाजा आतिशबाजी के बीच यात्रा शुरू हुई। श्री खाटू श्याम जी की शोषित झांकी के साथ निकाली गई। महिलाएं पुरुष हाथों में गुलाल लिए और फूलों की वर्षा करते चल रहे थे। डीजे की धुन पर नाचते गाते



निशान यात्रा में शामिल भक्त

चल रहे थे।श्रद्धालु विशेष वेशभूषा में निशान लेकर भजन कीर्तन करते और भक्ति नित्य करते चल रहे थे। यह यात्रा चौकी हजियानी से शुरू होकर अनाजमंडी, मिष्ठान गंज, राजद्वारा, डाकखाना, जौहर अली मार्ग, गांधी समाधि होती हुई सिविल लाइंस ज्वाला नगर, श्याम मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में प्रमुख रूप से धर्मेंद्र कुमार बरनवाल, ओमप्रकाश, कमल कुमार तुरैहा, ओंकार सिंह, हीरालाल उर्फ कल्लू राजा, जितेंद्र नन्हे, कोमल तुरैहा, अजय बंटी राजू सुमन, महेंद्र, मुरारी लाल, आदि आदि लोग रहे।

# सरकारी आराजी पर लगे बोर्ड को हटाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

- **एक पत्र 17 जनवरी को प्रस्तुत किया गया था**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**टांडा।** नगर के झंडा चोक स्थित सरकारी आराजी पर लगे बोर्ड को कुछ लोगों द्वारा रात में उखेड़ दिया गया।इस सम्बंध में नगर के ही एक व्यक्ति ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है

नगर के मोहल्ला समनदीन निवासी मोहम्मद शरीफ ने उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके द्वारा एक पत्र 17 जनवरी को प्रस्तुत किया गया था। जिसमें नगर पालिका परिषद व राजस्व ग्राम टांडा खास की गाटा संख्या 382 रकबा 0.2510 हेक्टेयर (रास्ता), गाटा संख्या 381 रकबा 0.0120 हेक्टेयर (चकमार्ग) गूल की गाटा संख्या



सरकारी आराजी पर पूर्व में लगा बोर्ड

385 रकबा 0.3800 हेक्टेयर की लगभग दो बीघा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से नियामत जहां पत्नी निजामु द्दीन इस्लाम व इकराम व फुरकान पुत्र मोहम्मद अहमद द्वारा कब्जा करके अपने खेत गाटा संख्या 380 रकबा 0.4010 हेक्टेयर में अवैध रूप से मिलाकर नगर पालिका परिषद टांडा से नक्शा पास कराए बिना ही निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसके क्रम में राजस्व टीम, नगर पालिका परिषद व पुलिस बल की मौजूदगी में आराजी को सीमांकन कर कब्जा मुक्त कराया गया था। परंतु गत रात्रि अवधै रूप से नियामत जहां पत्नी निजामुद्दीन, इस्लाम व इकराम व फुरकान पुत्रगण मोहम्मद अहमद द्वारा शासकीय आराजी में लगे बोर्ड को दबंगता के बल पर रातों रात अवैधानिक तरीके से हटा दिया गया है। इनके इस कृत्य से प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है साथ ही शासकीय बोर्ड जोकि शासकीय संपत्ति थी की चोरी भी साफ प्रतीत हो रही है।मोहम्मद शरीफ नेव्यक्तियों के विरुद्ध शासकीय आराजी में लगे बोर्ड को बदमाशी के बल पर रातों रात अवैधानिक तरीके से हटाने व शासकीय संपत्ति की चोरी के क्रम में एफआईआर दर्ज कराए जाने के साथ ही उक्त बोर्ड को पुनः लगवाए जाने की मांग की है।

# सैफनी में चकबंदी के विवाद में फायरिंग


- **चार लोगों के रिपोर्ट दर्ज,जांच शुरू**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**सैफनी।** गुरुवार देर शाम चकबंदी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था, जो खूनी संघर्ष बदल गया। जिसमें लाठी डंडे पथराव और फायरिंग भी हुई थी, झगड़े में दो लोगों के गोली लगी और कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुरुवार की देर शाम थाना क्षेत्र के चंद्रपुर कला गांव में मनीष प्रताप पुत्र मित्र पाल सिंह और कृष्ण पाल सिंह पुत्र गजराम सिंह की ओर से दर्ज रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोप लगाया गया है गुरुवार की शाम साढ़े पांच बजे हर दिन की तरह कुंवर पाल की डेरी पर दूध लेने गए थे। वह जब वापस घर जा रहे थे तभी रास्ते में घात लगाए बैठे उनके गांव के राजेश उर्फ राजवीर पुत्र मेवाराम, वीरेंद्र पुत्र ओमपाल,गोपाल पुत्र राजवीर व हरवीर पुत्र जागन उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की और पथराव करने लगे आरोप है कि इसी बीच राजेश व वीरेंद्र ने फायरिंग कर दी, शोरगुल की आवाज सुनकर बीच बचाव करने आए अभय पाल पुत्र वीरपाल व अभय चौहान पुत्र राजेंद्र पर भी राजवीर और गोपाल ने फायर झोंक दिया, जिससे अभय पाल की जांघ में गोली लगी तथा अभय के पैर में गोली लग गई गोली लगती दोनों नीचे गिर गए। इसके बाद आरोपी फरार हो गए पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एएचटीयू टीम ने चलाया अभियान



अभियान के दौरान जिला सलाहकार डॉ.शहजाद हसन व अन्य।

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना एएचटीयू पुलिस ने जिला चिकित्सालय की संयुक्त टीम द्वारा थाना सिविल लाइन, शहजाद नगर क्षेत्र में स्कूल कॉलेज के गेट के 200 मीटर के अंतर्गत व सार्वजनिक स्थान पर तम्बाकू गुटखा बीड़ी सिगरेट बेचने वालों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें कोटपा अधिनियम के धारा 6 ए , 6बी के अंतर्गत 9 दुकानदारों के चालान कर 1800 रुपए जुमार्ना अधिरोपित करते हुए विधिक कार्यवाही की गई। टीम के अभियान संचालित होने से कई दुकानदारों में खलबली मची रही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत

- **केमरी थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** केमरी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन ससुराली पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

बदायूं सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला सर्की निवासी दिग्वेंद्र सिंह राठौर ने बताया सात साल पहले उसने बहन कमलेश का विवाह केमरी थाना क्षेत्र के ग्राम कागा नगला निवासी सुरजीत गंगवार के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय तक सबकुछ ठीक रहा,लेकिन बाद में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर दोनों में विवाद रहता था बताया जा रहा कि महिला के पति सुरजीत के किसी दूसरी महिला से संबंध थे। इस बीच उसकी बहन गर्भवती हुई तो पति ने उसकी देखभाल नहीं की। उसके बाद महिला का गर्भपात करा दिया गया। गुरुवार को महिला के मायके वालों को पता चला कि उनकी बहन की तबीयत खराब है।जानकारी मिलने के बाद मायके वाले कमलेश को हायर सेंटर ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 1943 परीक्षार्थी रहे यूपी बोर्ड परीक्षा से गैरहाजिर

**रामपुर।** हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड की दोनों पालियों में 1943 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली सुबह 8:30 से पूर्वान्ह 11:45 बजे, दूसरी पाली अपरान्ह 2 से 5 बजे तक हुई। पहली पाली में हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए गणित की परीक्षा हुई। इस परीक्षा में 14970 के सापेक्ष 13729 ने परीक्षा दी। यानि 1241 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा के लिए 254 के सापेक्ष 246 ने परीक्षा दी। यानि इसमें भी 8 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के लिए भौतिक, सैन्य विज्ञान के परीक्षा के लिए 12866 के सापेक्ष 12172 ने परीक्षा दी।

यानि भौतिक, सैन्य विज्ञान की 694 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुल मिलाकर दोनों पालियों में 1943 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि शुक्रवार को जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण रूप से हुई।

## रमजान उल मुबारक के दूसरे जुमें की नमाज सकुशल संपन्न, पुलिस बल मस्जिदों पर रहा मौजूद

**शाहबाद।** शुक्रवार को रमजान उल मुबारक के दूसरे जुमे की नमाज के मद्देनजर शहर की मस्जिदें नमाजियों से भरी हुई दिखी। शाहबाद की हर एक मस्जिद नमाजियों से भरी हुई थी।रमजान उल मुबारक के दूसरे जुमे के मौके पर नगर पंचायत शाहबाद के द्वारा शहर की संभी मस्जिदों के बाहर नमाजियों के स्वागत के लिए चूना डलवाया गया। रमजान उल मुबारक के दूसरे जुमे की नमाज के मौके पर नगर की प्रत्येक मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रहा।

इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम सलमान साहब ने रमजान उल मुबारक महीने की फजीलत बताते हुए तकरीर की। जामा मस्जिद की इंतजामियां कमेटी में रफत अली, इंतखाब अली, सरफराज अली, नाहिद अली राजा, अनफाल मियां नाहिद अली,वसीम मियां, ने नमाज अदा की इसके अलावा दूसरी मस्जिदों में ईद गाह कमेटी के सदर साजिद मियां,सिफत मियां, वाहिद बेग, शाकिर धर्मा, नसरत बेग,आफताब, सभासद जाजिब खां, निजावत अली, मुदस्सिर मियां चुन्नी साद मिया, नसीम हाफिज, अदी साकिब,अली हैसम,मोहत्तर मियां आदि लोगों ने भी नमाज अदा की।

## जिला अस्पताल को मिलेंगे रेडियोलॉजिस्ट और सीनियर कंसल्टेंट

**रामपुर।** जिला अस्पताल को एक रेडियोलॉजिस्ट और एक सीनियर कंसल्टेंट मिलने वाले हैं।

इसके लिए शासन की ओर लिस्ट जारी की गई है। सीएमएस डॉक्टर बीसी सक्सेना ने बताया कि शासन की ओर से सूचना प्राप्त हुई है। जिसमें रेडियोलॉजिस्ट इंदु कांत वर्मा और सीनियर कंसल्टेंट के नाम आए हैं। बताया कि उम्मीद है कि यह दोनों जल्द ही जिला अस्पताल में ज्वाइन कर सकते हैं। सीएमएस का कहना है कि इन दोनों के आने से कुछ हद तक राहत जरूर मिलेगी।

# दूसरे दिन भी जारी रही फैक्टरी में छापेमारी, मोबाइल जब्त

- **एमएन इंडस्ट्री पर 29 घंटे से आयकर विभाग की जांच जारी**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** बड़े लकड़ी कारोबारी मुन्न बब्लू की एमएन इंडस्ट्री पर आयकर विभाग का छापा 29 घंटे से अधिक समय से जारी रहा। फैक्टरी के दोनों गेटों पर सीआरपीएफ के जवान तैनात है। फैक्ट्री परिसर में पूरी तरह काम बंद है। इस कार्रवाई से श्रमिकों में चिंता और रोजगार का संकट गहरा गया है।

गुरुवार की सुबह शुरू हुई छापेमारी शुक्रवार दोपहर तक जारी रहा। आयकर विभाग की टीम फैक्ट्री परिसर के भीतर कार्रवाई कर रही हैं। जबकि बाहर सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए है। फैक्टरी के अंदर बाहर आवाजाही को पूरी तरह नियंत्रित कर दिया गया है। मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि रेड से कर्मचारियों और बाहर से आए लोगों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। चिप्पड़ का काम करने वाले मजदूर असलम ने बताया कि उनका मोबाइल गुरुवार सुबह से लिया गया था।

जो अभी तक वापस नहीं किया गया है। दूसरे गेट पर चाय विक्रेता राजा का मोबाइल भी टीम ने जब्त कर लिया। महिला मजदूर शिवांगी ने बताया कि फैक्टरी के अंदर काम पूरी ठप है कई मजदूर अपने कमरों में बैठे हैं। उन्होंने आशंका जताई कि अगर एक दो दिन और काम बंद रहा तो परिवार का पालन पोषण मुश्किल हो जाएगा। श्रमिकों में रोजी रोटी के संकट को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। फैक्टरी परिसर और आसपास सन्नाटा पसरा हुआ है। कुछ मजदूर छतों पर खड़े होकर टीम के जाने और फैक्टरी दोबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। अंदर छह गाड़ियों खड़ी होने कर बात भी सामने आई है। जिससे बच्चों में दहशत का माहौल बन गया। गेट पर तैनात एक सीआरपीएफ जवान ने बताया कि लगातार ड्यूटी पर तैनात है अनुशासन में रहकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। फिलहाल आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। सभी की निगाहें इस पर टिकी है कि छापेमारी कब खत्म होगी।

## छह साल के बच्चे ने रखा पहला रोजा



**टांडा।** रमजान के मुबारक महीने में बड़ों के साथ ही छोटे-छोटे बच्चे भी खुशी-खुशी रोजे रख रहे हैं।नगर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी मुस्तफीज शारिक के छह वर्षीय बेटे फाईज अब्दुल्लाह ने रमजान के मुबारक महीने में शुक्रवार के दिन अपना पहला रोजा रखा। घर में खुशी का माहौल है और सब ने फाईज को दुआएं दीं।मुस्तफीज शारिक ने बताया कि फाईज कई दिन से रोजा रखने की जिद कर रहा था,लेकिन घर वाले उसकी कम उम्र की वजह से उसे सहरी में उठा नहीं रहे थे।उसने शुक्रवार का रोजा रखने की बेहद जिद की,जिसकी वजह से उसे सहरी में जगाकर और खाना वगैरह खिलाकर रोजा रखवाया गया।फाईज ने रोजा रखकर खुद भी खुशी का इजहार किया।

# जर्जर राम रहीम पुल का मरम्मत कार्य शुरू

- दो माह तक भारी वाहनों का रहेगा आवागमन बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। रामपुर-शाहबाद मार्ग स्थित जर्जर राम रहीम पुल की मरम्मत, बेयरिंग बदलने का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है। कार्य के दौरान पुल पर भारी वाहनों की आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहा। पुरानी बेयरिंग की जगह नई बेयरिंग लगनी है। यह कार्य दिनभर जारी रहा। लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल की मरम्मत के लिए करीब 2.29 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

20 वर्ष बीतने के बाद भी पुल पर अब तक एक भी बार मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। जिस कारण बरसात के दिनों में जगह-जगह से पुल की सड़क धंस जाती है। ऐसे में लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं। जनता की समस्याओं को देखते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुल की मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसे बीते माह मंजूरी मिल गई थी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पुल की मरम्मत का काम करीब छह माह तक चलेगा। जिसमें से तीन माह तक पुल पर आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। इसमें पुल के ज्वाइंट, ऊपरी परत आदि ठीक किए जाएंगे। शुक्रवार को राम रहीम पुल की मरम्मत का कार्य दिनभर जारी रहा। अधिशासी अभियंता गौरव सिंह ने बताया कि शाहबाद-बाजपुर मार्ग पर राम रहीम पुल की मरम्मत, बेयरिंग का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है।



राम रहीम पुल के नीचे मरम्मत कार्य करते मजदूर।

### 60 हजार की आबादी यहां से करेगी आवागमन

ज्वाला नगर में 60 हजार से अधिक आबादी निवास करती है। लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल की मरम्मत के दौरान बाधित होने वाले यातायात को डायवर्ट कर गुजारा जाएगा। इसलिए वाहनों का पनवड़िया रेलवे क्रासिंग और आगापुर के सीआरपीएफ के पास स्थित अंडरपास के माध्यम से लोगों का आवागमन हो सकेगा।

# पुलिस की कार्यशैली के बारे में ली जानकारी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एसपीईएल ट्रेनिंग के लिए चयनित छात्र एवं छात्राओं ने अपनी एक महीने की ट्रेनिंग कुशलता पूर्वक पूर्ण करते हुए पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र , एएसपी अनुराग सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी रामपुर से मुलाकात की। इस एक माह की ट्रेनिंग में छात्र एवं छात्राओं ने थाना कोतवाली, गंज में होने वाले कार्यालयों का अवलोकन करते हुए पुलिस अधिकारियों से यह सीखा कि वह किस प्रकार अपनी कार्यकारिणी पूर्ण किया करते हैं तथा विभिन्न प्रकार के मामलों में किस प्रकार एफआईआर आदि दर्ज करते हैं। छात्रों एवं छात्राओं ने बहुत ही उत्साहवर्धक रूप से इस ट्रेनिंग में बताई गई तमाम बातें सीखीं एवं पुलिस अधिकारियों ने इस कार्य में उन्हें भरपूर सहयोग प्रदान किया।ट्रेनिंग में उपस्थित छात्रों छात्राओं मोहम्मद अनस अली, सादिका,अनु, मोहम्मद शरीफ अहमद, सिमरन , अंशिका, अतुल, विकास, अक्शा,नवीद ,तुषार, नितिन टीना, अजीत आदि उपस्थित रहें।

# बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन को लेकर प्रशासन सख्त

- निरीक्षण अभियान में नोटिस जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार बाल श्रम निरीक्षण अभियान के तहत श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा थाना प्रभारी एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम के साथ सदर तहसील क्षेत्र में सघन अभियान चलाया।

इस दौरान विभिन्न दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट, ऑटोमोबाइल एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के प्रति जागरूकता सुनिश्चित की। संबंधित सेवायोजकों को बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।

अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों,प्रतिष्ठानों से गैर खतरनाक श्रेणी के 5 किशोर श्रमिक चिन्हित किये। अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित सेवायोजकों के विरुद्ध नोटिस निर्गत करते हुए नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा हो सके और उन्हें शिक्षा एवं सुरक्षित भविष्य का अवसर प्राप्त हो।



दुकान पर मौजूद अधिकारी

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

**शाहबाद**। मिशन शक्ति- 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए थाना शाहबाद क्षेत्र में मिशन शक्ति केन्द्र की टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

थाना-स्तरीय टीम द्वारा थाना शाहबाद क्षेत्रान्तर्गत बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न आदि की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई, ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें टीम में महिला आरक्षी सुधा देवी और महिला आरक्षी संध्या उपाध्याय शामिल रही।

# प्रत्येक अध्याय के बिंदुओं को समझ कर सुव्यवस्थित नोट्स तैयार करना आवश्यक : शोभा

- गृह विज्ञान जीवन कौशल से भरपूर एक महत्वपूर्ण विषय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। सेंट पॉल्स स्कूल की गृह विज्ञान की अध्यापिका शोभा रानी का कहना है कि गृह विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन को व्यवस्थित, स्वस्थ और सफल बनाने की कला हैं। यह ऐसा जीवन कौशल आधारित विषय है जिसमें विद्यार्थी एक साथ पांच प्रमुख क्षेत्रों-पोषण एवं आहार विज्ञान, वस्त्र एवं परिधान, मानव विकास, संसाधन प्रबंधन तथा पारिवारिक अध्ययन का ज्ञान प्राप्त करते हैं। यह ज्ञान न केवल परीक्षा में बल्कि दैनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है।

कक्षा 12 के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक का गहन अध्ययन करना चाहिए। एनसीईआरटी पुस्तक ही सबसे विश्वसनीय एवं मुख्य स्रोत है। प्रत्येक अध्याय के प्रमुख बिंदुओं को समझ कर सुव्यवस्थित नोट्स तैयार करना आवश्यक है। इससे अंतिम समय में पुनरावृत्ति सरल हो जाती है।इसके अतिरिक्त, पिछले वर्षों के प्रश्नों को हल करना अत्यंत लाभदायक सिद्ध होता है। इससे विद्द्यार्थियों को प्रश्नों के प्रकार, अंक विभाजन तथा महत्वपूर्ण विषयों का स्पष्ट ज्ञान होता है। उत्तर लिखते समय फ्लो चार्ट, आरेख (डायग्राम) एवं बुलेट पॉइंट्स का प्रयोग करने से उत्तर अधिक प्रभावशाली और अंक प्राप्ति में सहायक बनता है। वर्तमान समय में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन डिजिटल माध्यम से किया जा सकता है। इसलिए विद्यार्थियों को कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए- उत्तर हमेशा बिंदुओं में लिखें, ताकि स्टेप मार्किंग सही ढंग से हो सके। गहरे रंग (डार्क) की पेन का उपयोग करे, जिससे स्क्रीनिंग के दौरान कोई असुविधा न हो।प्रश्नों को क्रमवार में हल करें तथा प्रश्न संख्या स्पष्ट रूप से अंकित करें। यदि विद्यार्थी इन सुझावों का पालन करते हुए नियमित अभ्यास करें, तो गृह विज्ञान विषय में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करना निश्चित है। यह विषय न केवल अच्छे अंक दिलाता है, बल्कि जीवन को सुव्यवस्थित और संतुलित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


शोभारानी

### नाबालिग को अपहरण करने वाले पर केस दर्ज

**शाहबाद**। थाना क्षेत्र के भूड़ासी गांव निवासी एक पिता ने थाने में तहरीर देकर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अगवा करने वाले के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। युवती के पिता की तहरीर के अनुसार शाहबाद के बमनपुरी गांव निवासी हरिओम पुत्र विनोद बीती 20 फरवरी की रात बजे उसकी नाबालिग पुत्री को अगवा कर अपने साथ ले गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

### 48 परीक्षार्थियों ने छोड़ी सीबीएसई परीक्षा

**रामपुर**। शुक्रवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई 10,12 वीं के छात्र-छात्राओं की परीक्षा दी। दोनों पालियों में 48 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा दो सचल दलों की देखरेख में हुई। सूचना प्रौद्योगिकी की परीक्षा से 23 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। अर्टिफिकल इंटेलिजेंस 161 के सापेक्ष 160 ने परीक्षा दी। जबकि एक गैरहाजिर रहे। कक्षा 12 वीं की पेंटिंग में 2065 के सापेक्ष 24 ने परीक्षा दी। कुल मिलाकर परीक्षा से 48 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को परीक्षा से 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### शहीद ए आजम स्टेडियम में एथलेटिक्स के ट्रायल शुरू



**रामपुर**। शहीद-ए- आजम स्टेडियम में खेलो इंडिया योजना के तहत एथलेटिक्स केंद्र के लिए चयन ट्रायल शुरू हो गए हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार की मौजूदगी में सौरभ कुमार खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक एवं हॉकी फरहत अली खान आयोजित इस ट्रायल के पहले दिन कम प्रतिभागी पहुंचे। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी रविवार को छोड़कर दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक ट्रायल में भाग ले सकते हैं। एक जनपद एक खेल योजना के तहत यह पहल जिले की प्रतिभाओं को नया मंच देने की दिशा में अहम कदम है।

शहीद ए आजम स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार की मौजूदगी में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत एथलेटिक्स केंद्र के लिए चयन ट्रायल का शुभारंभ किया गया। यह चयन प्रक्रिया भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त समन्वय से भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित एक जनपद एक खेल योजना के तहत आयोजित की जा रही है। ट्रायल के पहले दिन अपेक्षाकृत कम प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, हालांकि अधिकारियों को उम्मीद है कि दूसरे दिन अधिक संख्या में खिलाड़ी पहुंचेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि चयन प्रक्रिया का दूसरा दिन भी आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ी रविवार को छोड़कर किसी भी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक स्टेडियम में उपस्थित होकर ट्रायल में भाग ले सकते हैं। खेलो इंडिया योजना का उद्देश्य जिले की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

# चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि एवं बच्चे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। ग्राम रायपुर स्थित उर्मिला देवी बाल विद्या मंदिर स्कूल में आजादी के नायक चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में पहुंचें राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी को किताबी ज्ञान के साथ साथ इंसानियत के लिए भी काम करना होगा।चंद्रशेखर आजाद के मन में देश को आजाद कराना का विचार इस तरह से मजबूत था कि उन्होंने आजादी को अपना सब कुछ मान लिया जीते आजाद अग्रेजी हुकूमत के हाथ नहीं आए चंद्र शेखर आजाद जैसे क्रांतिकारी भारत देश की धरोहर है बलिदान दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज सिंह ने आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चंद्रशेखर ने संकल्प लिया था कि वह जब भी अंतिम सांस लेंगे तब अपनी ही बंदूक की गोली लगने से ही खुद को मां भारती के चरणों में समर्पित करेंगे। आज हम सबको ऐसे महान क्रांतिकारी से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिसने भारत देश को ही अपना सब कुछ समझा इस दौरान बहुत से छात्रों ने प्रश्नोत्तरी भी की और इतिहास संबंधी जानकारी दी।

# एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण


परेड का निरीक्षण करते एसपी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला सिपाही एवं कर्मचारियों का टर्न आउट आदि चेककर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन भी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने प्राप्त किया ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक ज्ञान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी समाधि परिसर से हुई।सभी ब्लॉकों के छात्र-छात्राएं एकत्रित हुए। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सत्येंद्र शर्मा द्वारा बसों को हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक भ्रमण हेतु रवाना किया गया। विद्यार्थियों को प्रातः कालीन नाश्ता गांधी समाधि परिसर में ही कराया गया।

इसके बाद छात्र-छात्राओं ने राजा लाइब्रेरी का भ्रमण कर ऐतिहासिक एवं शैक्षिक धरोहरों की जानकारी प्राप्त की। लाइब्रेरी भ्रमण के बाद किला परिसर में सभी विद्यार्थियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई।भोजन के बाद छात्र-छात्राओं को पक्षी विहार का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने विभिन्न पक्षियों एवं प्राकृतिक वातावरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। भ्रमण कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को बसों द्वारा सुरक्षित रूप से उनके संबंधित बीआरसी भेज दिया गया।इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान एआरपी मिलक पृथ्वी सिंह, मीडिया प्रभारी सैयद अफाक हुसैन, सहायक अध्यापक अंकुर तथा सहायक अध्यापिका उर्वशी , स्पेशल एजुकेटर विजय मिश्रा, लक्ष्मण प्रसाद, डॉ रिजवान सहित अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन, ऐतिहासिक जागरूकता एवं पर्यावरणीय समझ को विकसित करने की दिशा में उपयोगी सिद्ध हुआ।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

- दिव्यांग महेन्द्र सिंह को प्रदान की ट्राईसाइकिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। जिले में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह ने दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं मांग पत्रों को गम्भीरतापूर्वक सुना।संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, अंत्योदय कार्ड, विद्युत आपूर्ति, राजस्व प्रकरणों तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अनेक फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया ,कि जन समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।कार्यक्रम के दौरान तहसील सदर के हाथी खाना निवासी दिव्यांग फरियादी महेन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उन्हें दैनिक आवागमन एवं दिनचर्या के निर्वहन के लिए ट्राई साइकिल की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने उनकी समस्या को संवेदनशीलता के साथ संज्ञान में लेते हुए तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को दूरभाष पर आवश्यक निर्देश दिए। निदेर्शों के अनुपालन में तत्काल ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई, जिसे जिलाधिकारी ने अपने करकमलों से दिव्यांग महेन्द्र सिंह को प्रदान किया। ट्राईसाईकिल प्राप्त कर महेन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण तय किया जाए। जिससे शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।


दिव्यांग को ट्राई साइकिल देते डीएम

# नगर में हर्षोल्लास के साथ निकला एकादशी का रंग जुलूस

## पूरे एत्मात के साथ अदा हुई जुमे की नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**किरतपुर।** नगर मे एकादशी का रंग जुलूस व रमजान के जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन असमंजस मे था ,जिसमे नगर की होली कमेटी ने प्रशासन का साथ देकर शांति पूर्वक रंग के जुलूस को संपन्न कराया और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

नगर में गत वर्षो की भर्ती इस वर्ष भी श्री आदर्श होली रंग कमेटी द्वारा शुक्रवार को एकादशी के मौके पर रंग जुलूस का आयोजन किया गया।जो की नगर के मुख्य बाजार मे स्थित श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर से दो पालियो मे निकाला गया। जिसमे पहली ओली मे सुखखा गुलाल रंग का जलूस मंदिर से प्रातः 10 बजे प्रारम्भ किया गया जो की अम्बेकर चौक पंहुचा वहां से जैन चौक ओर फिर महावीर चौक से होता हुआ मंदिर के आगे से रामलीला चौक पंहुचा वहां से मोहोल्ला झण्डा, बाल्मीकि बस्ती, मोहोल्ला सिंघड़ियाँ से होता हुआ होली वाले कुए पर पंहुचा वहां से गोरी कि मंडी से होता हुआ जैन चौक पर आकर वापिस मंदिर पर जाकर संपन्न हुआ। उसके पश्चात दूसरी पाली मे मंदिर से ही गिले रंग के जुलूस का शुभ आरम्भ लगभग 12 बजे हुआ जो की ऐसे ही नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ वापिस मंदिर पर आकर संपन्न हुआ। माहे रमजान के शुक्रवार की नमाज को लेकर प्रशासन असमंजस मे था जिसको लेकर रंग के जुलूस का क्षेत्र अधिकारी नजीबाबाद ने दौरा किया।ओर सम्बंधित को दिशा निर्देश दिए।रंग कमेटी ओर पुलिस की कड़ी निगरानी के बिच रंग के जलूस मे आनंद लेने आये हुलियारों ने रंग भी खूब खेला व शांति पूर्वक पूरे एत्मात के साथ जुम्मे की नमाज भी अदा हुई।प्रशासन ने जलूस के रुट पर पड़ने वाली तीनो मज्जिद व एक मजार पर पहले ही सुरक्षा की दृष्टि से पन्नी द्वारा ढकवा दिया गया था साथ की जलूस के दौरान मजार व मजिदों पर पुलिस फोर्स लगा दी गई थी। दोनों समुदाय के लोगो ने एक दूसरे के त्यौहार को ध्यान मे रखकर त्यौहार मनाया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर पवन कुमार शर्मा व शहर इंचार्ज दीपक नागर थाना पुलिस बल के साथ जुलूस की देखरेख कर रहे थे।


होली का जुलूस निकालते लोग

# एकादशी के रंग-जुलूस में हुरियारों ने जमकर सूखे रंग से सभी को रंगा


होली के कार्यक्रम पर मौजूद लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अफजलगढ़।** नगर में पूर्व की भांति इस वर्ष भी नगर में होली पर्व के पूर्व एकादशी का रंग जुलूस ढोल नगाड़े के साथ होली का हुड़दंग शुरू हो गया। इस दौरान रंग-जुलूस में हुरियारों ने जमकर सूखे रंग से सभी को रंग दिया।

जुलूस का शुभारंभ मोहल्ला चिरंजीलाल से प्रारंभ हुआ, जिसमें हुरियारे सूखा रंग भरकर निकले। होली के गानों और ढोल की थाप ने पूरे नगर के माहौल में रंग भर दिया। इस मौके पर हुरियारे हवन यज्ञ में आहुति भी देते हुए चल रहे थे। इसके अलावा चेयरपर्सन पति जावेद विकार ने हिंदू भाइयों को होली की बधाई दी।

अफजलगढ़ के ऐतिहासिक रंगोत्सव का बुधवार को एकादशी से प्रारंभ हो गया। जुलूस का शुभारंभ मौहल्ला चिरंजीलाल स्थित जोशियान चौराहा से हुआ। जो होली चौक,मेन बाजार,ढाली बाजार, पीएनबी रोड, बड़ा शिव मंदिर से होता हुआ मौहल्ला गौहर अली खां होता हुआ वापस चिरंजीलाल पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व जुलूस का शुभारंभ नारियल फोड़कर तथा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया। बच्चों व युवाओं ने जमकर होली खेली,हुरियारो ने एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए जमकर रंग गुलाल उड़ाया तथा डीजे के साथ जमकर ठुमके लगाए।इसके अलावा चेयरपर्सन पति जावेद विकार ने सभी हिन्दू भाइयों को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा,समाजसेवी अतुल अग्रवाल, हरिश्चंद्र कर्णवाल, सुनील रस्तोगी, सतीश कंबोज, संदीप महेश्वरी, अतुल कुमार जैन, होली समिति के अध्यक्ष नीरव रस्तोगी, निर्मल चिलवाल,होली समिति के अध्यक्ष पिंटू जोशी, पंडित ललित जोशी, मनोज सैनी,अजय कौशिक, समाजसेवी ठाकुर विजयेश सिंह,नितिन विश्नोई,मंयक लोहिया,गौरव गुप्ता,सुमित तेनगुरिया, लव अग्रवाल,रोबिन अग्रवाल, मुकेश कंबोज, सौरभ रूहेला, गगन रस्तोगी, हर्ष रस्तोगी, अमित गुप्ता, सतीश काम्बोज, भीम सिंह रावत, सौरभ रूहेला तथा शरद कर्णवाल आदि सहित काफी संख्या में हुरियारे रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी, कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार,सब इंस्पेक्टर शिवम तायल, महिला सब इंस्पेक्टर रीनू पंवार,कांस्टेबल विशाल मलिक, कांस्टेबल रजनीश कुमार फौजी तथा कांस्टेबल कलीम हसन सहित भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा।

# धूमधाम से निकला रंग एकादशी का जुलूस



जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** रंग एकादशी का जुलूस नगर में पूजा अर्चना के बाद परंपरागत रीति रिवाज के साथ धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान नागरिकों ने जमकर एक दूसरे को रंग लगाया। नगर कांठ में परंपरा के अनुसार स्वर्गीय काबली साहब के आवास (पुरानी सब्जी मंडी) से परंपरा के अनुसार रंग एकादशी का जुलूस निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ पंडित सतीश चंद्र शर्मा पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद यहां से एकादशी का जुलूस निकाला गया। जुलूस सब्जी मंडी से प्रारंभ होकर वैश्य धर्मशाला, मुरादाबाद हरिद्वार हाईवे, रामलीला मंदिर, पुराना डाकखाना, मोहल्ला पट्टी वाले, सैनी धर्मशाला होते हुए अपने गंतव्य स्थल पर संपन्न हुआ। शोभायात्रा में दर्जनों युवक व ढोल की थाप पर थिरकते चल रहे थे। इस दौरान नागरिकों ने जमकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा में रंग की गाड़ी पर सवार युवकों ने एक दूसरे पर टेशू के फूलों से बना रंग फेंका। एकादशी रंग में सूखे व गीले दोनो रंगों से होली खेली गई। अनेक स्थानों पर परंपरा के अनुसार चौपाई वादकों ने ऐसे लोगों के घर में पहुंचकर शोक प्रकट किया जिन परिवारों में इस वर्ष मौत हुई हैं। इस अवसर पर अनिल बिश्नोई, राजन विश्नोई, गौरव विश्नोई, देवेंद्र कश्यप,नवनीत पहलवान, डॉ जितेंद्र, नवदीप शर्मा,नरेश यादव, अभय माहेश्वरी, सनी बिश्नोई,सचिन कुमार, अंकुर विश्नोई, आर के कश्यप, अभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह , चौकी इंचार्ज राहुल राघव,उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कमलदीप सिंह,आदि भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# गोल्डन लायनेस नव चेतना क्लब में मची ब्रज की होली की धूम

## विभिन्न प्रकार के खेल अतिथियों व क्लब सदस्यों को खिलाएं गए

**गंज।** गोल्डन लायनेस नव चेतना क्लब द्वारा ब्रिज की होली थीम पर रंगारंग होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ क्लब की अध्यक्षा सुमन, सचिव रेनू , व ट्रेजरर ज्योति द्वारा अतिथियों का तिलक कर उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत खुशबू कर्णवाल एवं अंजना त्यागी द्वारा भगवान श्री कृष्ण राधा रानी स्वरूप बच्चों पर पुष्प अर्पित करके की गई । क्लब सदस्यों द्वारा सामूहिक व एकल नृत्य व गायन के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विभिन्न प्रकार के खेल अतिथियों व क्लब सदस्यों को खिलाएं गए। जिसके परिणाम स्वरूप होली क्वीन नितिन चौधरी व रंगों की रानी दीप्ति अग्रवाल रही।

जिला प्रतियोगिता भारत की विभिन्न प्रकार की साड़ी प्रतियोगिता मे कविता ने बाजी मारी , रुमझुम ,नीशू, शिवानी को प्रतिभाग करने पर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में प्रतियोगिता की प्रोजेक्ट हेड सुनीता सिंह, पीडीसीपी अरुणा मित्तल , व किरण अग्रवाल रही। प्रतिभागियों ने भारतीय परिधान साड़ी को विभिन्न प्रकार से पहनकर उनके बारे में सभी को बताया व साड़ी के महत्व को भी दशार्या। बिजनौर के बृज की पारंपरिक शैली में फूलों की होली खेली गई जिसमें गुलाल और रंग-बिरंगे पुष्पों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा ।राधे-राधे और होली के पारंपरिक गीतों पर सभी ने आनंदपूर्वक नृत्य किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को पारंपरिक गुलाल अर्पण एवं फूलों की होली खेली अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। मंच का संचालन ज्योति व शैली ने किया। संचालक द्वारा ब्रिज की होली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सभी को दी गई व प्रश्नोत्तर के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाया गया संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की गोल्डन लायनेस नीतू, अनीता ,अर्चना ,करुणा ,नेहा, निशु, नितिन ,राखी, रूपाली, शिल्पा, योगिता, मिली, नीलम, पारुल, रीना , रुमझुम ,रमा,भावना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्लब अध्यक्ष सुमन ने कार्यक्रम के में आए पदाधिकारियों अरुणा मित्तल , किरण अग्रवाल , सुनीता सिंह ,शिप्रा, सीमा, अदिति, अंजू, पूनम,दीप्ति, सोनिया, अंजलि, रूपाली , राशि ,कनक ,प्रीति,सपना, चारु आदि का कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए धन्यवाद किया।


होली क्वीन को पुरस्कार देकर संस्था की पदाधिकारी

# घर-घर कुष्ठ रोगी खोज अभियान को लेकर आशा कार्यकताओं का संवेदीकरण

**ठाकुरद्वारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में चल रहे घर-घर कुष्ठ रोगी खोज अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन आशा कार्यकताओं का संवेदीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शुक्रवार को आशाओं को कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान एवं सर्वे प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकताओं की टीमें घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच करेंगी। सर्वे के दौरान मिले संदिग्ध मरीजों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके।पीएमडब्ल्यू कुलवंत सिंह ने कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर पर हल्के या गहरे रंग के सुन्न दाग, कानों पर गांठें तथा नसों में सूजन या मोटापा कुष्ठ रोग के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण मिलने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय जांच के लिए भेजना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि चिकित्साधिकारी द्वारा पुष्टि होने के बाद मरीज का मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) के माध्यम से निशुल्क उपचार शुरू किया जाता है।एनएमएस मोहम्मद दीन ने सर्वे के दौरान घरों पर चॉक से मार्किंग करने की प्रक्रिया भी आशा कार्यकताओं को समझाई, जिससे अभियान की प्रगति का सही रिकॉर्ड रखा जा सके। इस अवसर पर बीसीपीएम लीलावती, अरुण कुमार, नितिन कुमार, प्रदीप कुमार, शोएब खान, संगिनी मुशर्रफ जहां, संगीता, लक्ष्मी, मीरा सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी टीमों को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए ।



# शांतिपूर्वक संपन्न हुए रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज



**कांठ।** रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज तहसील क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में पुलिस की कड़ी चौकसी व निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई।रमजान माह का दूसरा जुमा बेहद पवित्र और बरकत वाला माना जाता है। यह दिन आत्म संयम त्याग और अल्लाह की इबादत के साथ सब्र और धैर्य का संकेत देता है। रोजेदारों ने लाल मस्जिद, मोहम्मदी मस्जिद, बंजारान मस्जिद, छप्पर वाली मस्जिद, सुनहरी मस्जिद,माहिग्रान मदीना मस्जिद, काजियान मस्जिद आदि मस्जिदों में जुमे की नवाज अदा की छजलैट क्षेत्र के विभिन्न गांव में भी जुमे की नमाज हजारों की संख्या में रोजेदारों में पढीं। यह दिन आत्म संयम त्याग और अल्लाह की इबादत के साथ सब्र का संदेश देता है जिसमें रोजेदार मस्जिद में अमन चैन भाईचारा व गुनाहों की माफी के लिए विशेष दुआएं करते हैं। नवाज के बाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था को रोककर नवाजियों को सुविधा अनुसार मार्ग दिया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह,क्राइम इंस्पेक्टर रामनरेश यादव, उपनिरीक्षक संजीव कुमार एवं कमलदीप सिंह,एवं थाना छजलैट में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# हिंदू विराट सम्मेलन में धर्म, संस्कृति व एकता पर दिया गया विशेष जोर

## संतों एवं वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने का किया आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम दारापुर में शुक्रवार को आयोजित हिंदू विराट सम्मेलन आस्था, धर्म एवं सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बना रहा। सम्मेलन में दूर-दराज से पहुंचे संत-महात्माओं एवं वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, धार्मिक मूल्यों के संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता पर जोर देते हुए लोगों को संगठित रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बन गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए आचार्य सत्य देवानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि समाज तभी मजबूत बनता है जब लोग अपनी धार्मिक परंपराओं, संस्कारों और नैतिक मूल्यों को अपनाते हैं। उन्होंने युवाओं से धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।ऋषिकेश-हरिद्वार स्थित श्री रामानंद आश्रम बगीचा के महंत गौरिंग रघु महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता और आध्यात्मिक विचारधारा में निहित है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा, सेवा भाव और धर्म के प्रति आस्था ही समाज को सशक्त बनाती है। संतों ने लोगों से धार्मिक आयोजनों एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।वहीं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय महामंत्री तुषार कांत ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र की मजबूती समाज की एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के सम्मान से ही संभव है। उन्होंने सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय भावना एवं धार्मिक जागरूकता को समय की आवश्यकता बताते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया।सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने धर्म के प्रति आस्था बनाए रखते हुए समाज में नैतिकता, संस्कार एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में देश एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना के साथ सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के अखिलेश बिश्नोई, दिग्विजय सिंह सैंपल सिंह चौहान राजीव कुमार कोमल सिंह राहुल चौहान रवि चौहान, विनीत शर्मा शिवकुमार शर्मा , व गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।


ठाकुरद्वारा के गांव दारापुर में विराट हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोग

# फसल जोत कर नष्ट करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ।** थाना क्षेत्र में गेहूं की 6 बीघा फसल ट्रैक्टर हैरो से जोत कर नष्ट करने और शिकायत करने पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में और तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम बरहमपुर निवासी माया देवी पत्नी स्वर्गीय मूलचंद ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह 6:00 बजे के करीब उसके देवर के पुत्र कपिल सुशील पुत्र जयचंद ने धर्मवीर पुत्र मुख्तार सिंह ग्राम बरहमपुर से मिलकर तीनों ने उसकी 6 बीघा गेहूं की खड़ी फसल को ट्रैक्टर हैरो से जोतकर नष्ट कर दिया। जब उसने इस बात की शिकायत की तो आरोपियों ने गालियां दी और कपिल ने तमंचा निकाल कर जान से मारने की धमकी दी। 70 वर्षीय वृद्ध माया देवी का बेटा मानसिक रूप से बीमार रहता है।

उनकी 40000 की गेहूं की फसल का नुकसान आरोपियों ने किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# सीडीओ ने किया पीएचसी बुढ़नपुर का निरीक्षण

## स्वास्थ्य सेवाओं की परखी जमीनी हकीकत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्योहारा/बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़नपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, दवाइयों की उपलब्धता, लैब सेवाओं, साफ-सफाई तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से जांच की।

सीडीओ के अचानक अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्य केंद्र में हलचल मच गई। उन्होंने अस्पताल में दवा स्टॉक, लैब, वार्ड, पेयजल व्यवस्था और शौचालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपचार के लिए आए ग्रामीणों ने जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीडीओ रणविजय सिंह ने लैब टेक्नीशियन नेहा चौहान से अपनी शुगर जांच भी कराई। उन्होंने लैब की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जांच सुविधाएं सुलभ होना बेहद जरूरी है। एलटी नेहा चौहान ने बताया कि अस्पताल में मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड सहित अन्य बीमारियों की जांच किट के माध्यम से की जा रही है। सीडीओ ने चिकित्सा अधिकारी डॉ. तृप्ति पांडे से मरीजों की संख्या और उपचार व्यवस्था की जानकारी ली।उन्हें सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार पीएचसी बुढ़नपुर में नियमित सेवाएं देने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि चिकित्सक की कमी को देखते हुए सीएचसी स्योहारा से डॉ. तृप्ति पांडे की ड्यूटी यहां लगाई गई है। डॉ. स्नेही ने अस्पताल परिसर की बाउंड्री निर्माण की मांग भी रखी, जिस पर सीडीओ ने शीघ्र बाउंड्री बनवाने का आश्वासन दिया। पैदापुर और बुढ़नपुर गांव में सीडीओ की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित की। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। चौपाल में ब्लॉक प्रमुख स्योहारा उज्ज्वल चौहान तथा बीडीओ विक्रम सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अस्पताल में चिकित्सकों के मोबाइल नंबर व कक्ष संख्या अंकित करने, सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने,

साफ-सफाई व्यवस्था निरंतर बनाए रखने, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों व ग्रामीण अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।कम्युनिटी स्टाफ नर्स इंदु अनुपस्थित मिलीं, जबकि अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।सीडीओ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. स्नेही, डॉ. तृप्ति पांडे, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, फार्मासिस्ट पवन कुमार पुरुषार्थी, एलटी नेहा चौहान, आयुष्मान मित्र शिवम चौहान, एलएचबी रीता, संयोगिता सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़नपुर का निरीक्षण करते सीडीओ

## चिंतन

# ट्रम्प का सुन्दर सपना टूट जरूर गया

न्याय तो न्याय होता है फिर वो अपनों के लिए हो या गैरों के लिए। लेकिन ट्रम्प को यह भी नागवार गुजरा जब वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। दरअसल, अमरीका में सुप्रीम कोर्ट में अदालतों की नियुक्ति वहां के राष्ट्रपति करते हैं जो कि आजीवन या जबतक जज सक्षम, स्वस्थ और सक्रिय रहें तब तक के लिए होती है। अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रम्प के पहले कार्यकाल के नियुक्त तीन जज थे जिनसे ट्रम्प पूरे भरोसे में थे और उन्हें अपनी जागीर समझ बैठे। फैसला उनके खिलाफ भला कैसे जाएगा? लेकिन वो ये भूल गए कि जजों ने न्याय करने की शपथ ली थी न ट्रम्प के हितों की रक्षा की। फैसला आते ही उन्होंने जिन शब्दों में सुप्रीम कोर्ट और खिलाफ फैसला देने वाले जजों पर आरोप लगाए वह निश्चित रूप से अमेरिका की पूरी न्याय प्रणाली पर कटाक्ष था जो बेहद निंदनीय है। इसी तरह हालिया भारत-पाक युध्द को रोकने को लेकर अनगिनत बार एकतरफा बोलने वाले ट्रम्प इस बार तो इतना कह गए यदि वो दोनों का परमाणु युध्द नहीं रुकवाते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती।

दुनिया भर में इस फैसले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इसे असंवैधानिक करार दिया। इसमें ट्रम्प के नियुक्त जजों ने भी अहम भूमिका निभाई। 6S3 के बहुमत से ट्रम्प टैरिफ को असंवैधानिक करार देते हुए 1977 के आईईईपीए कानून यानी ''अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम''(इण्टरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर ऐक्ट) का हवाला दिया। यह वो अमेरिकी कानून है जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान विदेशी खतरों से निपटने के लिए आर्थिक लेनदेन, आयात-निर्यात और संपत्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। जबकि अमरीका में ऐसी स्थिति नहीं है। बिना कांग्रेस की सहमति लिए जिद्दी ट्रम्प ने दुनिया भर में मनमाने टैरिफ ठोंक दिया, भारत भी अछूता नहीं रहा। फैसला आते ही कुछ देर में ट्रम्प ने प्रेस कांफ्रेंस की जिसमें फैसले की न केवल आलोचना की बल्कि विरोध में फैसला देने वाले खुद के नियुक्त जजों को जमकर कोसा, लताड़ा भी। कोर्ट पर मनमाने आरोप भी लगाए और कहा कि अदालत विदेशी हितों और ऐसे राजनीतिक आंदोलनों से प्रभावित है, जो लोगों की सोच से छोटे हैं। फैसले को अपने चुनाव परिणाम से जोड़ते हुए कहा कि मैं लाखों वोटों से जीता फिर भी धोखाधड़ी हुई नहीं तो अंतर और बढ़ता बावजूद इसके भारी मतों से जीता। उन्होंने यहां तक कहा कि जो लोग बुरे, अनजान और शोर मचाने वाले हैं, वो चिल्लाकर बोलते हैं। ऐसा लगता है कि कुछ जज इससे डर गए और सही काम नहीं करना चाहते। जस्टिस गोरसच और जस्टिस बैरेट जो ट्रम्प के द्वारा नियुक्त थे, ने भी खिलाफ में फैसला दिया जबकि ब्रेट कैवनॉघ ट्रंप द्वारा नियुक्त वो जज थे जिन्होंने पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है, कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही है जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रम्प की साख गिरी है न कि अमरीकी सुप्रीम अदालत की।

मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ बहुमत में न्यायाधीश नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट भी शामिल थे। इनकी नियुक्ति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। सहमति जताने वालों में न्यायाधीश क्लेरेंस थामस, सैमुअल एलिटो और ब्रेट कैवना थे जिनमें कैवना को ट्रंप ने नियुक्त किया था। इन्होंने असहमति मत में लिखा कि वास्तव में टैरिफ आयात को नियंत्रित करने का पारंपरिक और सामान्य उपकरण है तथा आइईईपीए का पाठ, इतिहास तथा पूर्व की तमाम मिसालें प्रशासन के पक्ष का समर्थन करती हैं। जज कैवना ने चेतावनी दी कि इस निर्णय से चीन, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता पैदा हो सकती है। हालांकि फैसले में यह साफ नहीं है कि कंपनियों को उन अरबों डॉलर का रिफंड मिलेगा या नहीं, जो दिसंबर 2025 तक ही अमरीकी खजाने में करीब 133 अरब डॉलर से अधिक जमा हो चुके हैं। इनमें कुछ कंपनियां पहले ही निचली अदालतों में रिफंड का दावा पेश कर चुकी हैं। निश्चित रूप से ट्रम्प की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है। कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं। ट्रम्प की खिसियाहट इसी से समझ आती है कि एक तो उन्होंने अदालत को भला-बुरा कह कर दुनिया को चौंकाया और यहां तक कि उनके द्वारा नियुक्त विरोध में फैसले देने वाले न्यायाधीशों को देशद्रोही तक कह दिया। लगता है कि ट्रम्प को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमरीका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्यायपालिका के समान निष्पक्ष व्यवस्था अमरीका में भी हो जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हाँ, ट्रम्प का सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रम्प और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब क्या, कैसा कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता। फिलाहाल ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ लगाकर, जब चाहें तब बदलकर अपने ही देश की सर्वोच्च अदालत को एक तरह से चुनौती दे डाली। इससे पहले शांति के नोबल पुरस्कार न मिलने पर उनकी हरकतों को दुनिया ने देखा।

प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, ऌवे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैं।ङ्क आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैंऌयह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है।

धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़कई साइबर धोखाधड़ी योजनाएं संगठित विदेशी कॉल सेंटरों से संचालित होती हैं। कुछ तो संपर्क सूची खरीदने या नकली वेबसाइट बनाने के लिए कंपनियों को काम देने जैसी सेवाओं का ऌअनुबंधङ्क भी देते हैं। क्योंकि पीड़ित, साक्ष्य और अपराधी अक्सर कई देशों में फैले होते हैं, जांच के लिए घनिष्ठ समन्वय आवश्यक होता है। दाऊद एक सामान्य मामले का उदाहरण देते हैं: ऌभारत में एक कॉल सेंटर पकड़ा जाता है लेकिन पीड़ित अमेरिकी नागरिक होते हैं और वित्तीय लेनदेन की कड़ी अमेरिका में होती है। रतीय कानून प्रवर्तन एफबीआई से संपर्क करता है और एफबीआई पीड़ितों से संपर्क कर भारतीय अदालतों में गवाही की तैयारी करती है। एफबीआई भारतीय कानून प्रवर्तन को साक्ष्य की वित्तीय श्रृंखला पूरी करने में भी मदद करती है क्योंकि नुकसान अमेरिका में हुआ होता है। यह सहयोग जवाबदेही सुनिश्चित करता है। दाऊद कहते हैं ऌयह साक्ष्य और पीड़ितों की गवाही सुनिश्चित करती है कि भारत में कॉल सेंटर संचालकों को अदालत में जवाबदेह ठहराया जाए। इस सहयोग के बिना मामले का अभियोजन संभव नहीं है। हाल की एक सफलता अमेरिका-भारत सहयोग के प्रभाव को दर्शाती है। एफबीआई बाल्टीमोर फील्ड ऑफिस, मोंटगोमेरी काउंटी पुलिस विभाग और मोंटगोमेरी काउंटी स्टेट्स अटॉर्नी कार्यालय द्वारा की गई संयुक्त जांच ने मैरीलैंड निवासियों और सैकड़ों अन्य अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली धोखाधड़ी योजनाओं को भारत में संगठित ठग कॉल सेंटरों तक पहुंचाया।

# सीमाओं के परे साइबर अपराध का मुकाबला

चार्वी अरोड़ा (अमेरिकी राजदूतावास, नई दिल्ली)

नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के लीगल अटैशे सुहेल दाऊद कहते हैं कि इन नेटवर्क का मुकाबला घनिष्ठ अंतरराष्ट्रीय समन्वय पर निर्भर करता है। ऌएफबीआई स्थापित कानूनी और परिचालन साझेदारियों के माध्यम से भारतीय कानून प्रवर्तन के साथ निकटता से काम करती है।ङ्क वह कहते हैं। ऌहमारे सहयोग में खुफिया जानकारी साझा करना, संयुक्त जांच समन्वय, क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान-प्रदान शामिल है। एक बढ़ता खतराएफबीआई के इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में साइबर-सक्षम अपराध और धोखाधड़ी से होने वाला नुकसान 16.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। जैसे-जैसे अपराधी अधिक अवैध लाभ कमाते हैं, वे अपनी गतिविधियों का विस्तार सीमाओं के पार करते हैं। प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, ऌवे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैं।ङ्क आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैंऌयह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है। धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़कई साइबर धोखाधड़ी योजनाएं संगठित विदेशी कॉल सेंटरों से संचालित होती हैं। कुछ तो संपर्क सूची खरीदने या नकली वेबसाइट बनाने के लिए कंपनियों को काम देने जैसी सेवाओं का ऌअनुबंधङ्क भी देते हैं। क्योंकि पीड़ित, साक्ष्य और अपराधी अक्सर कई देशों में फैले होते हैं, जांच के लिए घनिष्ठ समन्वय आवश्यक होता है। दाऊद एक सामान्य मामले का उदाहरण देते हैं: ऌभारत में एक कॉल सेंटर पकड़ा जाता है लेकिन पीड़ित अमेरिकी नागरिक होते हैं और वित्तीय लेनदेन की कड़ी अमेरिका में होती है। भारतीय कानून प्रवर्तन एफबीआई से संपर्क करता है और एफबीआई पीड़ितों से संपर्क कर भारतीय अदालतों में गवाही की तैयारी करती है।

अपराधी फोन कॉल, संदेश और भरोसेमंद ब्रांडिंग का उपयोग कर सरकारी एजेंसियों और व्यवसायों का छद्म रूप धारण कर लेते हैं और हजारों मील दूर से भी पीड़ितों को धन या संवेदनशील जानकारी देने के लिए छलते हैं। जैसे-जैसे ये साइबर-सक्षम धोखाधड़ी नेटवर्क अमेरिकियों को तेजी से निशाना बना रहे हैं, अमेरिका और भारत के बीच सहयोग एक महत्वपूर्ण रक्षा पंक्ति बन गया है।

नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के लीगल अटैशे सुहेल दाऊद कहते हैं कि इन नेटवर्क का मुकाबला घनिष्ठ अंतरराष्ट्रीय समन्वय पर निर्भर करता है। ऌएफबीआई स्थापित कानूनी और परिचालन साझेदारियों के माध्यम से भारतीय कानून प्रवर्तन के साथ निकटता से काम करती है।ङ्क वह कहते हैं। ऌहमारे सहयोग में खुफिया जानकारी साझा करना, संयुक्त जांच समन्वय, क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान-प्रदान शामिल है।

एक बढ़ता खतराएफबीआई के इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में साइबर-सक्षम अपराध और धोखाधड़ी से होने वाला नुकसान 16.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। जैसे-जैसे अपराधी अधिक अवैध लाभ कमाते हैं, वे अपनी गतिविधियों का विस्तार सीमाओं के पार करते हैं।

प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, ऌवे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैं।ङ्क आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैंऌयह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है।

धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़कई साइबर धोखाधड़ी योजनाएं संगठित विदेशी कॉल सेंटरों से संचालित होती हैं। कुछ तो संपर्क सूची खरीदने या नकली वेबसाइट बनाने के लिए कंपनियों को काम देने जैसी सेवाओं का ऌअनुबंधङ्क भी देते हैं। क्योंकि पीड़ित, साक्ष्य और अपराधी अक्सर कई देशों में फैले होते हैं, जांच के लिए घनिष्ठ समन्वय आवश्यक होता है। दाऊद एक सामान्य मामले का उदाहरण देते हैं: ऌभारत में एक कॉल सेंटर पकड़ा जाता है लेकिन पीड़ित अमेरिकी नागरिक होते हैं और वित्तीय लेनदेन की कड़ी अमेरिका में होती है। भारतीय कानून प्रवर्तन एफबीआई से संपर्क करता है और एफबीआई पीड़ितों से संपर्क कर भारतीय अदालतों में गवाही की तैयारी करती है। एफबीआई भारतीय कानून प्रवर्तन को साक्ष्य की वित्तीय श्रृंखला पूरी करने में भी मदद करती है क्योंकि नुकसान अमेरिका में हुआ होता है।

यह सहयोग जवाबदेही सुनिश्चित करता है। दाऊद कहते हैं ऌयह साक्ष्य और पीड़ितों की गवाही सुनिश्चित करती है कि भारत में कॉल सेंटर संचालकों को अदालत में जवाबदेह ठहराया जाए। इस सहयोग के बिना मामले का अभियोजन संभव नहीं है।

हाल की एक सफलता अमेरिका-भारत सहयोग के प्रभाव को दर्शाती है। एफबीआई बाल्टीमोर फील्ड ऑफिस, मोंटगोमेरी काउंटी पुलिस विभाग और मोंटगोमेरी काउंटी स्टेट्स अटॉर्नी कार्यालय द्वारा की गई संयुक्त जांच ने मैरीलैंड निवासियों और सैकड़ों अन्य अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली धोखाधड़ी योजनाओं को भारत में संगठित ठग कॉल सेंटरों तक पहुंचाया।

भारत के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिसंबर 2025 में इन कॉल सेंटरों को ध्वस्त किया और लगभग 5 करोड़ डॉलर की चोरी के लिए जिम्मेदार आपराधिक सिंडिकेट का नेतृत्व करने वाले छह भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया।

दाऊद कहते हैं, ऌहाल के समय में ऐसी सफलता के कई उदाहरण रहे हैं। यह सब एफबीआई और भारतीय कानून प्रवर्तन के साझेदार के रूप में हाथ मिलाकर काम करने से संभव हुआ है।

व्यक्तिगत मामलों से परे, ये प्रयास दीर्घकालिक व्यवधान उत्पन्न करते हैं, आपराधिक पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर करके–वित्तीय चैनलों, डिजिटल अवसंरचना और भर्ती पाइपलाइनों को काटकर जो धोखाधड़ी अभियानों को बनाए रखते हैं।

जागरूकता क्यों महत्वपूर्ण हैसाइबर धोखाधड़ी सभी आयु और पृष्ठभूमि के लोगों को प्रभावित करती है। दाऊद बताते हैं कि ऌएक आम गलतफहमी यह है कि साइबर धोखाधड़ी केवल उन लोगों को निशाना बनाती है जो तकनीकी रूप से दक्ष नहीं हैं, लोग अक्सर मानते हैं कि वे कभी ठगी का शिकार नहीं होंगे। ये ठगी मानव मनोविज्ञान का शोषण करती हैं, तकनीकी कमजोरी का नहीं।ङ्क साइबर धोखाधड़ी कोई पीड़ित-विहीन अपराध नहीं है। यह सेवानिवृत्त लोगों, परिवारों और छोटे व्यवसायों को प्रभावित करती है। कई मामलों में भावनात्मक प्रभाव वित्तीय नुकसान के बराबर होता है।

# सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) पर विशेष

योगेश कुमार गोयल

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है।

दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीअई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीअई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं और असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते भी हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना बेहद जरूरी है।

## सेहत

# भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है

डॉ. प्रियंका सौरभ

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है, बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। किसी का कनाडा जाना, किसी का ऑस्ट्रेलिया या यूरोप जाना-यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है तो विदेश जाना पड़ेगा। लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है? क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं?

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकल कर युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है।

विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहाँ की पढ़ाई बेहतर है या वहाँ अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है। लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना विकल्प बन जाता है। लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है।

आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। शिक्षा ऋण, कर्ज और आर्थिक बोझ के बावजूद यह निर्णय केवल इसलिए लिया जाता है क्योंकि इसे सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ दिया गया है।

सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं- खूबसूरत शहर, शानदार जीवनशैली, घूमना-फिरना, नए अनुभव। लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। विदेश में जीवन आसान नहीं होता। वहाँ भी कठिन परिश्रम करना पड़ता है, अकेलेपन का सामना करना पड़ता है और कई बार ऐसे काम भी करने पड़ते हैं जिनकी कल्पना भारत में रहते हुए नहीं की जाती। लेकिन यह सच्चाई अक्सर तस्वीरों और वीडियो के पीछे छिप जाती है।

समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विदेश जाना अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं। लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है। आज का युवा पहले से अधिक जागरूक, शिक्षित और तकनीक से जुड़ा हुआ है। स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। छोटे शहरों के युवा भी बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। डिजिटल युग में अवसरों की सीमाएँ पहले जैसी नहीं रहीं। आज भारत में बैठकर भी दुनिया के साथ काम किया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि हम अपने बच्चों को सक्षम बनाएं। उन्हें ऐसी शिक्षा दें जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाए, उनमें कौशल विकसित करे और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दे। अगर युवा योग्य होंगे तो उन्हें अवसर कहीं भी मिल सकते हैं- भारत में भी और विदेश में भी। लेकिन यदि केवल स्थान बदलने से सफलता की उम्मीद की जाएगी, तो यह सोच लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी।

# डीएम ने सिटी हीट एक्शन प्लान बनाने के दिए निर्देश

● भीषण गर्मी से निपटने को प्रशासन तैयार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**शाहजहांपुर।** आगामी गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में ह्लसिटी हीट एक्शन प्लानह्व तैयार कर उसे प्रभावी तरीके से लागू करने पर चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि लू से बचाव के लिए प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थानवार कार्ययोजना बनाई जाए और जहां संभव हो, वहां वृक्षारोपण कराया जाए। ट्रैफिक सिग्नलों पर राहगीरों के लिए ग्रीन शेड लगाए जाएंगे। पेट्रोल पंप, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। गैर-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से जगह-जगह प्याऊ भी लगाए जाएंगे। दिहाड़ी मजदूरों और पशुओं को लू से बचाने के लिए अलग से कार्ययोजना तैयार की जाएगी। जनपद के सभी 12 सीएचसी का ऑडिट कराया जाएगा। सभी अस्पतालों में 15 बेड का विशेष ह्लहीटवेव वार्डह्व और हेल्प डेस्क संचालित होगा। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को भी तैयारियों में शामिल किया गया है।

स्कूलों में ह्लवॉटर बेलह्व बजाई जाएगी ताकि बच्चे नियमित पानी पी सकें। हर स्कूल में दो घड़े पेयजल के लिए अनिवार्य रूप से रखे जाएंगे और स्वास्थ्य विभाग विशेष मेडिकल किट उपलब्ध कराएगा। भीषण गर्मी में बच्चों को टाई न पहनने की छूट भी दी गई है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर यात्री शेड में पंखों की व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम द्वारा 10 से 15 स्थानों पर रिक्शा चालकों और आम लोगों के लिए छायादार टेंट और पानी की व्यवस्था की जाएगी। प्रमुख कॉलोनियों में लोगों को छतों पर किचन गार्डन लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे स्थानीय तापमान कम करने में मदद मिले। डीएम ने कहा कि गर्मी शुरू होने से पहले सभी विभाग पूरी तरह तैयार रहें, ताकि लू से जनहानि और पशुहानि को शून्य रखा जा सके। बैठक में नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त), डिप्टी सीएमओ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

● सीसीटीवी से केंद्रों पर रखी जा रही नजर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए बोर्ड परीक्षा के जनपदीय मॉनिटरिंग एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के जरिए जिले के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर चल रही बोर्ड परीक्षाओं की लाइव निगरानी की। निरीक्षण के समय डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के भविष्य से जुड़ी होती हैं, इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर लगातार नजर रखी जाए। अगर कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत संबंधित केंद्र व्यवस्थापक और अधिकारियों को सूचित किया जाए। डीएम ने यह भी कहा कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, समय पर वितरण, परीक्षार्थियों की सुचारु प्रवेश व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजाम ठीक से किए जाएं। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि जिले में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हों, इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से सभी केंद्रों की निगरानी एक ही जगह से की जा रही है। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**शाहजहांपुर।** शहर के सदर बाजार थाना क्षेत्र के चमकनी मोहल्ले मेंएक 15 वर्षीय किशोरी ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका की पहचान कोमल के रूप में हुई है। वह अपनी दादी के साथ रहती थी। उसकी मां का कुछ वर्ष पहले निधन हो चुका था, जबकि पिता विनोद पिछले करीब तीन साल से दिल्ली में रहकर काम कर रहे हैं और घर नहीं लौटे थे। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है। कोमल घरों में काम कर अपनी दादी के साथ जीवनयापन में सहयोग करती थी। गुरुवार शाम काफी देर तक कमरे से कोई हलचल न होने पर दादी ने उसे आवाज लगाई। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो कोमल फंदे से लटकी मिली। दादी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सदर बाजार थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# खाद्य विभाग ने 1 कुंतल खराब खोया कराया नष्ट, कई दुकानों से लिए गए नमूने

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**शाहजहांपुर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने व्यापक जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्र के निर्देशन में की गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने खोया मंडी और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। सूचना के आधार पर नगरीया मोड़ के पास एक महिंद्रा पिकअप को रोककर जांच की गई।

वाहन में रखे खोये के तीन नमूने लिए गए और लगभग एक कुंतल (करीब 25 हजार रुपये मूल्य) खराब खोया मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के गोविंदगंज स्थित स्टोर से पनीर, कॉफी पाउडर और घी के नमूने जांच के लिए लिए गए। 28 फरवरी को महिला थाना के पास स्थित दुर्गेश डेयरी से एक खोया, एक पनीर और एक घी का नमूना लेकर खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों के निर्माण और भंडारण पाए जाने पर सुधार नोटिस भी जारी किया गया। इसी क्रम में महिला थाना के निकट स्थित प्रज्वल यादव के मिठाई निर्माण स्थल पर गंदगी में तैयार की जा रही लगभग 60 किलोग्राम मिठाई (अनुमानित कीमत 18 हजार रुपये) जिसमें बर्फी, छैना, गुलाब जामुन और रसगुल्ला शामिल थे नष्ट कराया गया। सैनिक कॉलोनी, श्यामगंज, गौटिया क्षेत्र में स्थित धनपाल पनीर वाले से मिश्रित दूध का एक नमूना भी जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि होली पर्व तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा और मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट गोदाम का किया निरीक्षण



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम कंपाउंड स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम की सुरक्षा और रख-रखाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और तैनात सुरक्षा कर्मियों की स्थिति की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने ईवीएम से जुड़े रजिस्टरों और अभिलेखों का भी अवलोकन किया। साथ ही सफाई और सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अमृतलाल नागर बाल कथा सम्मान से नवाजे गए डॉ. देशबन्धु

**शाहजहांपुर।** शहर के प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. देशबन्धु शाहजहांपुरी को इस वर्ष उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा ह्यअमृतलाल नागर बाल कथा सम्मानह्ण से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें बाल साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. शाहजहांपुरी को शीघ्र ही एक भव्य समारोह में 51 हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। डॉ. देशबन्धु शाहजहांपुरी की अब तक बाल साहित्य की 11 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी रचनाएं 40 से अधिक संकलनों में शामिल की जा चुकी हैं। उनकी कविताएं और कहानियां देश के विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लगातार प्रकाशित होती रहती हैं। इस उपलब्धि पर नगर सहित देशभर के साहित्यकारों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इससे पहले भी उन्हें कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र में सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा खाईखेड़ा



चैराहे के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। मृतक की पहचान जलालाबाद के याकूबपुर निवासी अमन तिवारी के रूप में हुई है। अमन अपने चचेरे भाई सोनू तिवारी के साथ बरेली में पुल निर्माण कार्य में मजदूरी करता था। दोनों होली मनाने के लिए घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि करीब ढाई महीने पहले अमन के एक अन्य चचेरे भाई की बीमारी से मौत हो गई थी, जिसके बाद यह परिवार की पहली होली थी। हादसा अमन के घर से करीब छह किलोमीटर पहले हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। डॉक्टरों ने अमन को मृत घोषित कर दिया, जबकि सोनू की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। मां अनीता तिवारी और बहन मनीषा का रो-रोकर बुरा हाल है। मां बार-बार बेटे को याद कर बिलखती रही। थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जा रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## छात्रों ने तिलहर चीनी मिल में सीखी गन्ने से चीनी बनने की प्रक्रिया

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किसान सहकारी चीनी मिल का शैक्षिक भ्रमण किया। खंड शिक्षा



अधिकारी यशवंत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया। चीनी मिल पहुंचने पर विद्यार्थियों ने गन्ने से चीनी बनने की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा। मिल के कर्मचारियों ने गन्ना क्रेन से गन्ना उतारने, मशीनों में पेराई, रस निकालने और चीनी तैयार होने तक के हर चरण की सरल भाषा में जानकारी दी। इस एक्सपोजर विजिट से छात्रों को नई और ज्ञानवर्धक जानकारी मिली। बच्चों ने भ्रमण का खूब आनंद लिया और कई सवाल भी पूछे। इस मौके पर एआरपी आकाश शंखधार, नरेंद्र जायसवाल, हिर्देश कुमार सिंह, आदित्य शर्मा, सुरजीत सक्सेना, पंकज पाठक सहित चीनी मिल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत,जांच के आदेश

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** नगर के मोहल्ला मौजमपुर में कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा और निर्माण कराने की शिकायत सामने आई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए



सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त ने एसडीएम तिलहर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मोहल्ला मौजमपुर निवासी सुबहान अली पुत्र मोहसिन अली समेत अन्य लोगों ने 26 फरवरी को सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त रोहित कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गाटा संख्या 58, करीब एक एकड़ में दर्ज वक्फ संख्या 1423 की कब्रिस्तान भूमि पर कुछ लोग दीवार तोड़कर कब्जा करने और अवैध निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कब्रिस्तान तक जाने वाले पुराने रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। आरोप है कि 24 फरवरी को कुछ लोगों ने कब्रिस्तान की दीवार और गेट को नुकसान पहुंचाया और निर्माण शुरू करने का प्रयास किया। सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों और तिलहर पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वक्फ संपत्ति की पैमाइश होने तक निर्माण कार्य रुकवाया जाए और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में जीएफ कॉलेज के छात्रों ने जीते बेस्ट पेपर व पोस्टर अवॉर्ड

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**शाहजहांपुर।** राजकीय डिग्री कॉलेज पिहानी में ह्लविकसित भारत 2047 समावेशी विकास, सततता और वैश्विक नेतृत्व की राहेंह्व विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में जीएफ कॉलेज, शाहजहांपुर के वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया। सेमिनार की मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक शशि कपूर रहीं। विशिष्ट अतिथियों में भूटान से प्रो. प्राण कुमार कौल, नेपाल से प्रो. संजीव बाबू व गणेश पोडियल तथा रोहिलखंड विश्वविद्यालय के डॉ. सौरभ वर्मा उपस्थित रहे। जीएफ कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत मनीषी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों में अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। बेहतर प्रस्तुति के लिए जसनप्रीत कौर, गुलअफशा खान, अलीमा, अलकमा, गौरव सिंह भंडारी, हुमा नाज और इरम को ह्लबेस्ट पेपर अवार्डह्व से सम्मानित किया गया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में निशा, महक और अजय सिंह भंडारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. पुनीत मनीषी को तकनीकी सत्र में को-चेयरपर्सन के रूप में सम्मानित किया गया। महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब युवा समावेशी सोच, सतत विकास और वैश्विक दृष्टिकोण अपनाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर शोध और नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. तनवीर आलम, डॉ. सैयद साहब हुसैन, डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. अनमोल सक्सेना ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# करंट लगने से तेंदुए की मौत, खेत में मिला शव

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**शाहजहांपुर।** जिले के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र में सुबह खेत में तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आशंका है कि तेंदुआ बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, कालसेन बाबा मंदिर के पीछे स्थित खेतों से गुजर रहे ग्रामीणों ने पेड़ के पास तेंदुए को मृत अवस्था में पड़ा देखा। यह खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। तेंदुए का शव देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को हटाकर स्थिति संभाली, जबकि वन विभाग ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। घटनास्थल के पास बिजली के तार भी पाए गए हैं। माना जा रहा है कि तेंदुआ पेड़ पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया। थाना प्रभारी के अनुसार, शुरूआती जांच में तेंदुए की मौत का कारण बिजली का करंट लगना सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। वन विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है।

## 45 जिलों के किसानों को मिली नई गन्ना किस्म को शा 19231 की मिनी सीड किट



**शाहजहांपुर।** गन्ना उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में इजाफा करने के उद्देश्य से गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर द्वारा प्रदेश के करीब 45 जिलों के किसानों को नई विकसित गन्ना किस्म को शा 19231 की मिनी सीड किट वितरित की गई। इस अभियान के तहत कुल 1,58,900 सिंगल बड किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। माना जा रहा है कि इससे आने वाले सीजन में गन्ना उत्पादन और चीनी परता (रिकवरी) में अच्छी बढ़ोतरी होगी। परिषद के निदेशक वी.के. शुक्ला ने बताया कि यह नई किस्म वर्ष 2025 में परिषद द्वारा विकसित की गई है। यह किस्म अधिक उत्पादन देने के साथ-साथ बेहतर चीनी परता के लिए जानी जाती है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस किस्म की पेड़ी क्षमता भी अच्छी है, यानी एक बार रोपाई के बाद अगले वर्षों में भी बेहतर पैदावार मिल सकेगी। साथ ही यह किस्म क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुकूल है और रोगों के प्रति भी अपेक्षाकृत सहनशील पाई गई है। परिषद का कहना है कि मिनी सीड किट वितरण का उद्देश्य उन्नत किस्मों को तेजी से किसानों तक पहुंचाना है, ताकि प्रदेश में गन्ना उत्पादन, गुणवत्ता और उत्पादकता में लगातार सुधार हो सके। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे गन्ना खेती के लिए लाभकारी कदम बताया है।

# जनम लियो चारों भैया,अवध में बाजे बधैया...

● राम जन्म का प्रसंग सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु आश्रम में चल रही श्री रामकथा के चैथे दिन कथाव्यास संत विजय कौशल महाराज ने प्रभु श्रीराम के जन्म का प्रसंग भक्तों के समक्ष इस अंदाज में प्रस्तुत किया कि श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। कथाव्यास ने सुनाया कि मनु और शतरूपा ने नैमिषारण्य में हजारों वर्षों तक कठिन तपस्या की। इससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उनसे वर मांगने को कहा। उन्होंने कहा कि, हे !

प्रभु हमें आपके जैसा पुत्र चाहिए। भगवान ने उन्हें उनके पुत्र के रूप में अवतरित होने का वरदान दिया। त्रेतायुग में भगवान विष्णु प्रभु श्रीराम के रूप में अवतरित होकर राजा दशरथ के पुत्र बने। राक्षसों के आतंक से जब त्राहि त्राहि मचने लगी तो नर, नारी, ऋषि, मुनि सब भगवान से रक्षार्थ प्रार्थना करने लगे। अवध के चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ संतान न होने की वजह से काफी उदास रहते थे। जब वे अपने इस कष्ट तो गुरु वशिष्ठ से कहते हैं तो वे पुत्रप्राप्ति हेतु यज्ञ करते हैं। यज्ञ के प्रसाद को ग्रहण करके राजा दशरथ को तीन रानियों से चार पुत्र प्राप्त होते हैं। प्रभु श्रीराम के जन्म पर पूरे अवध में बधाइयां बजने लगती हैं। चहुंओर जय जयकार होने लगती है एवं पूरा नगर राजभवन की ओर दौड़ पड़ता है। कथा के आरंभ से पूर्व व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान रामचंद्र सिंघल एवं उमा सिंघल ने किया। आरती के उपरांत हुए प्रसाद वितरण में डॉ आलोक कुमार सिंह, ईशपाल सिंह, डॉ रामनिवास गुप्ता, मीरा अग्रवाल, मिथिलेश अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

कथा श्रवण करने हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अरविंद सिंह एवं बेबी सिंह, प्रमोद चंद्र सेठ, एस.पी. सिटी देवेंद्र सिंह, सीओ सिटी पंकज पंत, बाबूराम गुप्ता, नरेश मेहरोत्रा, एडवोकेट के.सी. खन्ना, प्रबंध त्रिपाठी, कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव प्रोफेसर अवनीश मिश्र सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल की सभी संस्थाओं के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने मनाया चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस

## क्रांतिकारियों के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

ठाकुरद्वारा। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामूवाला गणेश में महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते हुए दो मिनट का मौन रखकर की गई।

सभा की अध्यक्षता बायोवृद्धि खुशीराम सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव हरस्वरूप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने कहा कि देश के क्रांतिकारियों ने जिस समानता और न्यायपूर्ण समाज का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए आज भी संघर्ष की आवश्यकता है।

उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए बढ़ती महंगाई और विभिन्न वस्तुओं पर लगाए गए करों को आम जनता पर अतिरिक्त बोझ बताया। उनका कहना था कि अप्रत्यक्ष करों में कमी आने से बाजार में महंगाई 30 से 35 प्रतिशत तक कम हो सकती है।उन्होंने कार्यकताओं से मुफ्त एवं समान शिक्षा व्यवस्था, मातृभाषा में शिक्षा तथा सरकारी कार्यों को जनभाषा में संचालित किए जाने जैसे मुद्दों पर जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया।कामरेड भोला सिंह ने किसानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए नए बीज कानून, बिजली बिल, श्रम संहिताओं तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों को लेकर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने किसान-मजदूर एकता को मजबूत करते हुए संयुक्त आंदोलन को आगे बढ़ाने की अपील की। किसान नेता प्रीतम सिंह ने सरकारी संपत्तियों के निजीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि आम जनता के करों और किसानों-मजदूरों की मेहनत से निर्मित राष्ट्रीय संपत्तियों का निजी हाथों में जाना चिंताजनक है। उन्होंने धान खरीद समय से पहले बंद किए जाने को किसानों के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि खेती का संकट लगातार गहराता जा रहा है।वक्ताओं ने कहा कि देश और समाज को आज चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी विचारों की आवश्यकता है, जिससे किसान और मजदूर वर्ग को बढ़ती समस्याओं से मुक्ति मिल सके।इस अवसर पर कामरेड नत्थू सिंह, महिपाल सिंह, मनोज कुमार, गगनदीप सिंह, जगदीश सिंह पांडे, वीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नरेश सिंह, मनोहर सिंह, शैलेंद्र कुमार, काव्य चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छुट्टा पशुओं से परेशान किसानों का सत्याग्रह 68वें दिन भी जारी



शाहजहांपुर। छुट्टा गाय और सांड की बढ़ती समस्या को लेकर भारतीय कृषक दल का गांधीवादी सत्याग्रह लगातार 68वें दिन भी जारी रहा। जनपद के जौरा भूड़, छिकरापुर, डडिया, रहदेवा, खैरपुर, टीसूइ, रजपुरा, रैना, सलेमपुर खुर्द, नगरिया और रतनपुर सहित कई गांवों में किसानों ने आंदोलन को और तेज कर दिया है। किसानों का कहना है कि छुट्टा पशुओं के कारण उनकी फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों और किसानों में इस समस्या को लेकर काफी आक्रोश है। भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक ने कहा कि अधिकारी और जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं की अनदेखी नहीं कर सकते। उन्होंने बताया कि तहसील, जिला और प्रदेश स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से भी कई बार शिकायत की गई है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द धरातल पर प्रभावी कार्रवाई कर किसानों, खेती और गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## एसडीएम ने कान्हा गौशाला के लिए किया जमीन का निरीक्षण

तिलहर-शाहजहांपुर। गोवंश सरंक्षण के योजना के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा कान्हा गौशाला निर्माण के मद्देनजर एसडीएम ने नगर से सटे ग्रामीण क्षेत्र स्थित जमीन का निरीक्षण किया। प्रदेश सरकार की गोवंश संरक्षण योजना के तहत नगर पालिका प्रशासन द्वारा कान्हा गौशाला निर्माण के लिए लगातार जमीन की तलाश की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को दोपहर एसडीएम सदानंद सरोज ने ईओ सत्येंद्र प्रकाश के सानिध्य में गौशाला निर्माण के लिए नगर के बाहर चुंगी रकवा सेंटमेरी स्कूल के समीप स्थित एक जमीन का निरीक्षण किया। एसडीएम द्वारा उक्त जमीन की बाबत जानकारी लिए जाने पर क्षेत्रीय लेखपाल तरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर करीब 25 बीघा जमीन मौजूद है। जिसमें गौशाला का निर्माण होना संभव है। एसडीएम ने ईओ सत्येंद्र प्रकाश से योजनांतर्गत कान्हा गौशाला के निर्माण से संबंधित वार्ता की। ईओ के मुताबिक उन्हें गौशाला निर्माण के लिए करीब एक एकड़ जमीन ही चाहिए।एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया है गोवंश संरक्षण के लिए जमीन अधिग्रहित कर शीघ्र गौशाला निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उधर ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि जैसे ही जमीन उन्हें मिल जाएगी। वह तत्काल गौशाला निर्माण के लिए शासन को प्रपोजल भेज देंगे।

## शेरकोट में रंग एकादशी पर निकला सूखे रंगों का जुलूस, नगर हुआ रंगमय

जागरण मोर्चा कार्यालय

शेरकोट। रंग एकादशी के पावन पर्व पर शुक्रवार को नगर में उत्साह और उल्लास के साथ सूखे रंगों का भव्य जुलूस निकाला गया। डीजे की थाप पर थिरकते युवाओं और श्रद्धालुओं ने पूरे नगर को भक्तिमय व रंगमय माहौल से सराबोर कर दिया। प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।



फीता काटकर शभ आरंभ करते मुख्य अतिथि

सुबह से ही नगर में उत्सव का वातावरण बना रहा। डीजे पर बजते होली गीतों पर लोग झूमते नजर आए। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा, जहां जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया।हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः नगर के द्रोपदा मंदिर प्रांगण से की गई। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत समाजसेवी शरद चंद्र शर्मा व राजवीर सिंह गहलौत ने फीता काटकर जुलूस का शुभारंभ किया।पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जुलूस में राकेश रुहेला, मुकेश रस्तौगी, नरेंद्र यादव, रिंकू वर्मा, राजू कर्णवाल, दिनेश वर्मा, गोलू शर्मा, रजत वर्मा, सुमित वर्मा, अमिश रस्तौगी, फूल सिंह सैनी, राधे सैनी, शेखर वर्मा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## हादसे पर सांसद ने जताया शोक

रामपुर। महिला सिपाही और मासूम बच्चे की मौत पर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने शोक जताया और डंपरों के खूनी खेल पर प्रदेश सरकार और प्रशासन को घेरते हुए कहा कि बुधवार को जो हादसा हुआ है। वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। सांसद ने कहा कि एक मां और उसके मासूम बच्चे का इस तरह जिंदा जल जाना रूह कंपा देने वाली घटना है। यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सड़कों पर दौड़ रहे बेलगाम डंपरों का आतंक है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए और डंपरों के संचालन के लिए प्रदेश स्तर पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू की जाए। सांसद ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अब भी सड़कों से इन मौत के सौदागरों को नहीं हटाया गया, तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। खाकी वर्दी में देश की सेवा करने वाली एक बेटी और उसके नन्हे बच्चे की बलि चढ़ जाना बेहद शर्मनाक है।

## पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। शुक्रवार को शाहबाद आसफपुर रोड पर गहनी मोड के पास पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के नजालपुर निवाद किशन शुक्रवार को शाहबाद क्षेत्र में रिश्तेदारी में आया हुआ था, रिश्तेदारी से वापस लौटते समय युवक की बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किशन बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसा देख राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। राहगीरों के द्वारा घायल युवक को एंबुलेंस से शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां



शाहबाद में पिकअप की टक्कर में घायल युवक को सीएचसी पर उपचार देते कर्मी

डॉक्टरों ने किशन को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## खेत से गाड़ी निकालने को लेकर मारपीट, युवक बेहोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

शेरकोट,बिजनौर। थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर में खेत में गन्ना बोने के दौरान गाड़ी निकालने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मारपीट के दौरान युवक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया, जिसे परिजनों ने उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास भर्ती कराया।

ग्राम शहजादपुर निवासी सलोनी रानी पत्नी हिदेश कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 24 फरवरी को दोपहर करीब एक बजे उनके जेठ उदयवीर सिंह अपने खेत में गन्ना बोने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी हरीओम के पुत्र रिंकू ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना बोए गए खेत के हिस्से से होकर गाड़ी निकालने लगे।आरोप है कि जब उदयवीर सिंह ने खेत से होकर गाड़ी निकालने का विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट इतनी गंभीर थी कि उदयवीर सिंह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए। घायल की हालत में सुधार बताया जा रहा है। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों से जबरन रास्ता निकालने को लेकर गांव में पहले भी विवाद होते रहे हैं, लेकिन इस बार मामला मारपीट तक पहुंच गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कलश यात्रा के मौके पर भक्तों ने की पुष्प वर्षा

- राम मनोहर लोहिया पार्क में शुरू हुई कथा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। प्रथम दिवसीय नानी बाई का मायरा नरसी का भात गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के सौजन्य से राम मनोहर लोहिया पार्क ज्वाला नगर में पंडित कन्हैयालाल शर्मा द्वारा नरसी मेहता भक्ति का चरित्र एवं सांवरिया सेठ की हुंडी लीला कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

व्याजी ने बताया कि नरसी मेहता पहले मचकुंड राज्य के राजा थे नरसी मेहता द्वारा भक्ति के प्रचार प्रसार से गुजरात में जूनागढ़ चले गए थे बचपन से ही भक्त नरसी गूंगे और बहरे थे परंतु सांवरिया सेठ की भक्ति करने पर उनको मधुर वाणी प्राप्त हुई।भगवान नाम का कीर्तन करने लगे नरसी जी की पत्नी का देहांत होने के पश्चात वे अकेले रह गए क्योंकि जब वे राजा थे तो अपनी कन्या का विवाह धनी सेठ से



कथा में मौजूद भक्त

कर दिया था सबसे पहले कथा स्थल पर कलश यात्रा की यज्ञ विधान भक्ति भाव से व्यास एवं समिति पदाधिकारी द्वारा स्थापना की गई। भक्तों द्वारा कलश पर पुष्प वर्षा की। कथा से पूर्व यजमान के रूप में हरि बहादुर सक्सेना एवं उनकी पत्नी तथा राम कुमार प्रजापति, राम किशोर शर्मा, विनोद कुमार श्रीवास्तव एवं विराट सक्सेना द्वारा अपनी पत्नी सहित व्यास पीठ का पूजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आकाश सक्सेना द्वारा व्यास पीठ का पूजन कर दीप प्रज्वलित कर कथा का प्रारंभ कराया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल द्वारा शॉल उड़ाकर किया गया। कथा में नरेश शर्मा, संदीप सक्सेना,रतन प्रकाश,अमरीश गुप्ता,वीपी सिंह, संजीव यादव एडवोकेट, दीपक सक्सेना, संतोष शर्मा,मीना अग्रवाल, बीना अग्रवाल, मधु बंसल, जी के श्रीवास्तव,सारिका गोयल, शैलेंद्र एवं बहुत सारे श्रोता उपस्थित रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

ठाकुरद्वारा। कृषि विज्ञान केंद्र पर शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को गन्ने की सहफसली खेती तथा राष्ट्रीय कीट प्रबंधन प्रणाली के महत्व और लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती पद्धतियों से जोड़कर उत्पादन लागत कम करने और आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा।

27 फरवरी 2026 को आयोजित इस प्रशिक्षण में किसानों को बताया गया कि गन्ने की फसल के साथ सहफसली खेती (इंटरक्रॉपिंग) अपनाने से भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त होते हैं। साथ ही फसलों में रोग एवं कीटों के प्रकोप को भी प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।पौध संरक्षण वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को विशेष रूप से गन्ने के साथ उर्द एवं मूंग जैसी दलहनी फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं कीटों की पहचान, उनके दुष्प्रभाव तथा जैविक एवं रासायनिक नियंत्रण उपायों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली के बारे में भी अवगत कराया तथा मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसके उपयोग की विधि का प्रदर्शन किया। फसल उद्यान विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. शिव शंकर वर्मा ने गन्ने के साथ सब्जी एवं फल फसलों की सहफसली खेती पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि इससे किसानों की आय में विविधता आती है और जोखिम कम होता है। वहीं सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने गन्ने के साथ उगाई जाने वाली उपयुक्त सहफसलों तथा उनके माध्यम से मिट्टी के स्वास्थ्य और गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण सहायक पुष्पराज यादव ने प्रतिनिधि नमूना लेने की सही विधि तथा सहफसली खेती का मिट्टी की उर्वरता पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी किसानों को दी।कार्यक्रम में जकी अहमद, नाजिर, रामगोपाल, हरिओम, मलखान सिंह, धर्मपाल सहित लगभग 32 किसानों ने प्रतिभाग किया और वैज्ञानिकों से खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। किसानों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की।

## भाकियू चढूंनी ने पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पुतले दहन के प्रयास को पुलिस ने किया नाकाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला। भाकियू चढूंनी गुट की प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पुतले दहन की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू और पदाधिकारियों को पुलिस ने नजरबंद कर दिया।

गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरुनाम सिंह चढूनी के आह्वान पर भारत व अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के विरोध में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन करने का ऐलान किया था। कहा था कि इंदिरा चौक पर पुतला फूंकेंगे। जिसकी जानकारी होने पर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू को उनके गांव नगलिया बहादुरपुर में घर में पदाधिकारियों के साथ नजरबंद कर दिया। उनकी पुतला दहन करने की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस ने तानाशाह रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके अरुण चौधरी, प्रीतम सिंह सिद्धू, हर्ष सिद्धू, महबूब अली, आसिफ चौधरी, अनीस चौधरी आदि मौजूद रहे।

## घर-घर कुष्ठ रोगी खोज अभियान को लेकर आशा कार्यकताओं का संवेदीकरण

- संदिग्ध मरीजों की पहचान कर अस्पताल भेजने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

ठाकुरद्वारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में चल रहे घर-घर कुष्ठ रोगी खोज अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन आशा कार्यकताओं का संवेदीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शुक्रवार को आशाओं को कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान एवं सर्वे प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकताओं की टीमें घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच करेंगी। सर्वे के दौरान मिले संदिग्ध मरीजों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके।पीएमडब्ल्यू कुलवंत सिंह ने कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर पर हल्के या गहरे रंग के सुन्न दाग, कानों पर गांठें तथा नसों में सूजन या मोटापन कुष्ठ रोग के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण मिलने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय जांच के लिए भेजना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि चिकित्साधिकारी द्वारा पुष्टि होने के बाद मरीज का मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) के माध्यम से निःशुल्क उपचार शुरू किया जाता है।एनएमएस मोहम्मददीन ने सर्वे के दौरान घरों पर चॉक से मार्किंग करने की प्रक्रिया भी आशा कार्यकर्ताओं को समझाई, जिससे अभियान की प्रगति का सही रिकॉर्ड रखा जा सके।इस अवसर पर बीसीपीएम लीलावती, अरुण कुमार, नितिन कुमार, प्रदीप कुमार, शोएब खान, संगिनी मुशर्रफ जहां, संगीता, लक्ष्मी, मीरा सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी टीमों को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए ।

## नगर में धूमधाम से निकली श्री खाटूश्याम निशान यात्रा



निशान यात्रा में पूजा करते मुख्य अतिथि

जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला। श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा नगर में बड़े धूम धाम से निकाली गई। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने निशान यात्रा पर फूल बरसाए। इस दौरान बज रहे भजन मन मोह रहे थे।शुक्रवार को नगर के शिव मंदिर रेलवे स्टेशन से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उमड़े। निशान यात्रा में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या भी बहुत अधिक रही। इस दौरान बज रहे भजन मन मोह रहे थे। निशान यात्रा खाद गुर्जर मार्ग होते हुए मानसरोवर कॉलोनी पहुंची। बस्ती मार्ग होते हुए, बस्ती के अग्रवाल भवन सामने से निकल कर अवंतिका पार्क तक गई। यहां से मंडी रोड होते हुए इंदिरा चौक के सामने से होकर फ्लाईओवर को पार कर खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। राजीव कुमार मित्तल, प्रीति मित्तल, तेजपाल सिंह, पवन अग्रवाल, रीना सिंह, अंकुर नगर, ताशु, मयंक अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल,प्रिंस, आकाश, सूर्यांश, संगीता, गीता, चंचल, अर्जुन अग्रवाल, सूरज गुप्ता, प्रमोद शर्मा, शालू यादव, कोमल शर्मा, डिंपल यादव, अनिकेत, अमर गर्ग, निशा अग्रवाल, बृजपाल सिंह, बृजेश देवी, लकी चौधरी, सविता, पुष्पा, रमा चौधरी, दीपाली, अनीता, मुस्कान, खुशबू, पूजा, पूनम, सविता, चंचल, उत्सव शर्मा, बंटी सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्योहारा। मुरादाबाद जाने वाली अप लाइन पर खंभा संख्या 1444/1455 के पास रेलवे फाटक के निकट एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान गजराज पुत्र हरिराज निवासी ग्राम जठ नगला के रूप में हुई, गजराज किसी कारणवश ट्रैक के समीप मौजूद था, तभी अचानक तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर ट्रैक किनारे जा गिरा।घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत घायल को उठाया। आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां गजराज की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# पाकिस्तान की नजर बड़ी जीत पर सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका

एजेंसी

पाल्लेकल। अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।



अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है। लेकिन पाकिस्तान के लिए अभी सारी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं और वह सेमीफाइनल में जगह बना सकता है बशर्ते इंग्लैंड शुक्रवार को न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हरा दे और इसके बाद सलमान आगा की अगुवाई वाली टीम श्रीलंका पर बड़ी जीत हासिल कर दे। पाकिस्तान के बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चुनौती है क्योंकि अभी तक टूर्नामेंट में वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पाकिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ही अभी तक अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। उन्होंने 70.75 की औसत से 283 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 158.10 है। फरहान को छोड़कर पाकिस्तान की टीम का कोई भी अन्य विशेषज्ञ बल्लेबाज इस प्रतियोगिता में तिहरे अंक का आंकड़ा नहीं छू पाया है। उसकी तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में ऑलराउंडर शादाब खान दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 111 रन बनाए हैं। कप्तान सलमान आगा (44 रन), साइम अयूब (70) और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम (91) ने निराश ही किया है। ऐसे में पाकिस्तान की उम्मीदें फखर जमां पर टिकी होंगी। पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण में में उस्मान तारिक (10 विकेट) की मौजूदगी से उसे मजबूती मिली है। इसके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट लेकर कुछ हद तक फॉर्म हासिल कर ली है। उस मैच में हालांकि वह अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे थे। श्रीलंका के पास अपने उत्साही प्रशंसकों को खुश करने का यह आखिरी मौका है लेकिन इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट का सह मेजबान है। पिछली बार जब 2011 में श्रीलंका सह-मेजबानी कर रहा था, तब वह उपविजेता रहा था।

# बुमराह, सिराज और मोर्केल के साथ अपने कौशल पर काम कर रहा हूं: अर्शदीप

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं। अर्शदीप ने यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा तथा केवल 24 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत की 72 रन से जीत के बाद अर्शदीप ने पत्रकारों से कहा, ''मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्केल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो



सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं। मेरा साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक (पंड्या) भाई जैसे बहुत अच्छे गेंदबाजी सहयोगी हैं। अर्शदीप से पूछा गया कि क्या 256 रन के विशाल स्कोर बनाने से गेंदबाजों को मदद मिली, उन्होंने कहा, ''हम इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे थे कि हमने कितने रन बनाए। हम बस अपनी रणनीति के अनुसार गेंदबाजी करना चाहते थे और अपने स्तर को बनाए रखना चाहते थे। हम हमेशा एक लक्ष्य को ध्यान में रखते हैं, जैसे कि विकेट और मैदान की स्थिति के अनुसार 160 या 180 रन का स्कोर। उन्होंने कहा, ''इसलिए हम हमेशा एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अपने स्तर को ऊंचा उठाने की कोशिश करते हैं। अतिरिक्त 20, 30, 40, 70 रन का फायदा होना अच्छी बात है। लेकिन हमारा ध्यान एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अपने स्तर को ऊपर उठाने पर होता है। भारत अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए एक मार्च को कोलकाता में दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज का सामना करेगा, जो एक तरह से नॉकआउट मुकाबला होगा। अर्शदीप जानते हैं कि उनके सामने आगे क्या चुनौती है। उन्होंने कहा, ''वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए मुझे लगता है कि वे भी स्थिति के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं, लेकिन हम विकेट और परिस्थितियों को देखकर अपनी रणनीति बनाएंगे। अर्शदीप ने कहा कि खिलाड़ी और उनके परिवार के सदस्य वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए मैच पर नजर रखे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीठ दर्द के कारण भारत सीरीज से बाहर हुईं सोफी मोलिनेक्स

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी सोफी मोलिनेक्स भारत के खिलाफ जारी बहु-प्रारूप सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें निचले हिस्से की पीठ में दर्द (लोअर बैक पेन) की शिकायत है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। 28 वर्षीय मोलिनेक्स ने ब्रिस्बेन में खेले गए पहले महिला वनडे में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने पांच ओवर गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर एक विकेट लिया था। हालांकि दूसरे वनडे (होबार्ट) में वह टीम का हिस्सा नहीं हैं। मोलिनेक्स की चोट के कारण अगले महीने होने वाली वेस्टइंडीज सीरीज में उनकी भागीदारी पर भी संशय पैदा हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट किया है कि उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जाएगी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। पिछले महीने सोफी मोलिनेक्स को सभी प्रारूपों के लिए ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान नियुक्त किया गया था। वह दिग्गज खिलाड़ी एलिसा हीली की जगह संभालने वाली थीं, जिन्होंने भारत सीरीज के बाद संन्यास लेने का फैसला किया है। मोलिनेक्स ने भारत के खिलाफ तीन टी20 मैचों में टीम की अगुवाई भी की थी, जब हीली टीम में शामिल नहीं थीं। टॉस के दौरान एलिसा हीली ने कहा कि मोलिनेक्स की चोट की खबर सभी के लिए चौंकाने वाली और निराशाजनक रही। उन्होंने टीम से अपील की कि वह चोटिल खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ी रहे। सोफी मोलिनेक्स का करियर पहले भी कई चोटों से प्रभावित रहा है। वह 2022 की एशेज और वनडे विश्व कप में पैर की चोट के कारण नहीं खेल सकीं। उसी वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों से भी बाहर रहीं। 2023 टी20 विश्व कप में वह एसीएल चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाईं। हाल ही में 2025 वनडे विश्व कप (भारत और श्रीलंका) के दौरान उनकी वापसी को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया था, क्योंकि वह घुटने की चोट से उबर रही थीं।

### हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं: तिलक वर्मा

**चेन्नई।** तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है। भारत ने सभी बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से जिंबॉब्वे के खिलाफ सुपर आठ मैच में चार विकेट पर 256 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद 72 रन से आसान जीत दर्ज की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हम बस ऐसा ही प्रदर्शन चाहते थे। हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे। इस संदर्भ में तिलक ने संजू सैमसन की प्रशंसा की। रिंकू सिंह के स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किए गए सैमसन ने 15 गेंद पर 24 रन बनाए और अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में 48 रन जोड़े। तिलक ने कहा, ''जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। संजू ने शानदार शुरुआत की। हमने इसको लेकर चर्चा की थी और हम विपक्षी गेंदबाजों में यह खौफ देखना चाहते हैं कि भारतीय बल्लेबाज हर गेंद पर जोरदार शॉट लगाने के लिए तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ के अपने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज बुरी तरह लड़खड़ा गए थे और तिलक ने कहा कि खिलाड़ियों ने चेपॉक में खेले गए मैच से पहले पिछले टी20 मैचों के वीडियो देखे। उन्होंने कहा, ''हमने मैच से ठीक पहले चर्चा की थी कि हम सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान में उतरेंगे। हमने पिछले एक साल में टी20 क्रिकेट में अपने प्रदर्शन को देखा। इन वीडियो को देखने के बाद हम सभी का आत्मविश्वास बढ़ा। तिलक ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी टीम के सदस्यों को बिना किसी झिझक के अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ''गौतम सर ने यह भी कहा कि परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, बस उस तरह की क्रिकेट को याद रखें जो हमने पिछले साल से तथा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेली थी। तिलक ने कहा कि पिछले मैचों के वीडियो देखने और गंभीर के प्रेरणादायक शब्दों से बल्लेबाजों की मानसिकता में बदलाव आया। उन्होंने कहा, ''अहमदाबाद और दिल्ली दोनों की पिचें अच्छी थीं, लेकिन इस खेल में मानसिकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे लगता है कि हमारी मानसिकता यह थी कि अगर कोई विकेट गिरता है तो हम बड़े शॉट खेलने के लिए थोड़ा समय लेंगे। हम पहले भी उस टीम के खिलाफ खेल चुके थे। तिलक ने कहा, ''उस समय हम खेल का पूरा आनंद ले रहे थे और सारा दबाव विपक्षी गेंदबाजों पर होता था। अगर विकेट गिरता तो हम अगली ही गेंद पर छक्का मार देते थे। इसलिए, हमारी सोच कुछ इस तरह की थी। हमने चर्चा की कि अगर पहली गेंद हमारी जद में आती है तो हम उस पर छक्का मारने में नहीं हिचकिचाएंगे।

### अभिषेक को रक्षात्मक खेलते देखकर हैरानी हुई, लेकिन उन्होंने आलोचकों को चुप करा दिया: गावस्कर

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा, ''हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया। उन्होंने कहा, ''अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया। उनकी बल्लेबाजी में एक तरीका था। उन्होंने ऑफ स्पिनर का सम्मान किया, किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया तथा शांत और संयमित तरीके से खेले। गावस्कर ने कहा, ''इस मैच में उन्होंने वास्तव में रक्षात्मक शॉट खेले। उन्होंने कुछ गेंद को रोका भी। मुझे यह देखकर हैरानी हुई क्योंकि हम आमतौर पर अभिषेक को ऐसा करते नहीं देखते हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि अभिषेक के लिए यह एक सीखने का दौर है। गावस्कर ने कहा, मुझे सच में लगता है कि यह उसके लिए सीखने का एक अच्छा मौका है। हर क्रिकेटर लगातार दो मैचों में रन न बना पाने के दौर से गुजरता है। बात सिर्फ इतनी है कि आप इससे कितना सीखते हैं। मुझे लगता है कि अभिषेक ने बहुत कुछ सीखा है और यह उसके लिए कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में अच्छा साबित होगा। गावस्कर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करारी हार के बाद भारतीय टीम ने जल्द ही सबक लिया तथा दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजी संयोजन को सुनिश्चित करने के लिए संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में वापस लेकर आया।

# टी20 विश्व कप के बीच रिंकू सिंह पर टूटा दुखों का पहाड़, पिता का लीवर कैंसर से निधन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज़ रिंकू सिंह के पिता खचंद्र सिंह का आज सुबह करीब 4 बजकर 36 मिनट पर स्टेज-4 लीवर कैंसर से लंबी जंग के बाद निधन हो गया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां हाल के दिनों में उनकी तबीयत बेहद नाज़ुक हो गई थी और उनका इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार खचंद्र सिंह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे और उनकी हालत स्थिर करने के लिए डॉक्टर लगातार रीनल थेरेपी दे रहे थे। गहन चिकित्सा के बावजूद उनकी सेहत में तेजी से गिरावट आई और अंततः उनका निधन हो गया। यह दुखद घटना उस समय हुई जब रिंकू सिंह भारतीय टीम के साथ टी20 विश्व कप में व्यस्त थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ



सुपर 8 मुकाबले से पहले जब उनके पिता की हालत बिगड़ी थी, तब वह घर लौटे थे। बाद में वह चेन्नई में टीम से दोबारा जुड़ गए थे। हालांकि पिता के।निधन के बाद वो वापस घर लौट गए हैं। जिम्बाब्बे के खिलाफ मुकाबले में रिंकू सिंह अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे। टीम संयोजन में बदलाव करते हुए संजू सैमसन और अक्षर पटेल को शामिल किया गया था। संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में मौका मिला, ईशान किशन को नीचे भेजा गया और तिलक वर्मा को फिनिशर की भूमिका सौंपी गई। हालांकि रिंकू मैदान पर बतौर स्थानापन्न खिलाड़ी टीम के साथ मौजूद रहे। टूर्नामेंट में अब तक रिंकू सिंह पांच मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 24 रन बनाए हैं और फिनिशर की अपनी निर्धारित भूमिका निभाई है। भारत को अब कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबला खेलना है, जो लगभग नॉकआउट जैसा है। ऐसे में रिंकू सिंह की उपलब्धता को लेकर संशय बना हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड या टीम प्रबंधन की ओर से अभी तक उनकी भागीदारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीम इंडिया जहां एक ओर महत्वपूर्ण मुकाबले की तैयारी कर रही है, वहीं खिलाड़ी अपने साथी के इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा, ‰श्री खचंद्र सिंह जी के निधन का समाचार सुनकर बेहद दुख हुआ। टी20 विश्व कप के दौरान रिंकू और उनके परिवार के लिए यह समय बेहद कठिन है। मेरी संवेदनाएं उनके और उनके परिजनों के साथ हैं। वाहेगुरु दिवंगत आत्मा को शांति दें और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। रिंकू सिंह के इस निजी शोक के बीच पूरा क्रिकेट जगत उनके साथ खड़ा है और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहा है।

## आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के करीब: गांगुली

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू कश्मीर की कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल में शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि तेज गेंदबाज आकिब नबी में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने की काबिलियत है। नबी ने रणजी के वर्तमान सत्र में 60 विकेट लिए हैं। इनमें कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 54 रन देकर पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। उनके इस शानदार प्रदर्शन से जम्मू कश्मीर में हुबली में खेले जा रहे फाइनल में 584 रन बनाने के बाद कर्नाटक को 293 रन पर आउट कर दिया। गांगुली ने एक्स पर लिखा, ''जम्मू कश्मीर ने दुनिया को दिखा दिया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने राज्य को गौरवान्वित किया है। मुश्किल वातावरण लोगों को मजबूत बनाता है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई), सीनियर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया को टैग करते हुए कहा, ''आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की राह पर हैं।

# व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है: कैगिसो रबाडा

एजेंसी

अहमदाबाद। कैगिसो रबाडा टी20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने अब तक टूर्नामेंट में केवल चार विकेट लिए हैं। वह न्यूजीलैंड, यूएई और भारत के खिलाफ विकेट लेने में नाकाम रहे थे। उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक टीम अच्छा प्रदर्शन करती रहेगी तब तक व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात नहीं की जा सकती है। ऐसी बात बाद में की जा सकती है। रबाडा को क्षेत्ररक्षकों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। अब तक उनकी



गेंदबाजी पर चार कैच छूट चुके हैं। इस बारे में पूछे जाने पर रबाडा ने कहा, ''यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है। उसके सभी खिलाड़ियों नेअपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। अगर डेविड मिलर ने एक मैच में टीम को जीत दिलाई तो कप्तान एडन मार्क्रम ने दूसरे मैच में यही कमाल किया। गेंदबाजों ने भी जरूरत पड़ने पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है, चाहे वो मार्को यानसन हों या लुंगी एनगिडी। रबाडा ने कहा, ''यह अच्छा संकेत है। हमारी टीम में काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। साथ ही कई युवा खिलाड़ी भी हैं। अगर आप सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखें, तो उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिलता है और यही आत्मविश्वास मैचों में भी दिख रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय घरेलू टूर्नामेंट एसए20 को भी दिया जिसमें विश्व कप से पहले कई प्रमुख खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल की। रबाडा ने कहा, ''यह लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और यह उम्मीद बनाए रखने से जुड़ा है कि चीजें हमारे पक्ष में हो जाएंगी। रबाडा ने अपने लंबे समय से नए गेंद के अपने साथी लुंगी एनगिडी की प्रशंसा भी की जिन्होंने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

# गुकेश को याकूबोव ने ड्रॉ पर रोका अरविंद ने नीमन को हराया

एजेंसी

प्राग (चेक गणराज्य)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया। गुकेश लगातार दूसरी बाजी में सफ़ेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े। उन्होंने पहले दौर में नीमन के साथ भी बाजी ड्रॉ खेली थी। अरविंद ने फिलिडोर डिफेंस अपनाने की अपनी नई पसंद को जारी रखा, जबकि नीमन ने सफ़ेद मोहरों से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। यह बाजी जब महत्वपूर्ण मोड़ पर थी तब अमेरिकी खिलाड़ी के पास समय कम पड़ गया जिसका अरविंद ने पूरा फायदा उठाकर जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से पहले दौर में मिली हार के बाद चेन्नई के इस खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद खुशी देने वाली थी। एक अन्य मैच में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट को हराया। अब जबकि सात दौर का खेल बाकी है तब अब्दुसत्तोरोव, याकूबोव और स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों के बाद गुकेश, अरविंद, वैन फोरेस्ट और गुइजारो का नंबर आता है जो उनसे आधे अंक से पीछे हैं। ईरान के परहम मगसूदलू, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विंसेंट कीमर और नीमन ने 10 खिलाड़ियों के नौ दौर के टूर्नामेंट में अभी आधा अंक ही हासिल किया है। चैलेंजर्स वर्ग में ग्रैंडमास्टर और विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला। इस वर्ग में खेल रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली ने डेनमार्क के जोनास बुहल बिएरे के साथ ड्रॉ खेलकर अपना खाता खोला।

# सेल के स्वदेशी इस्पात से बना 'आईएनएस अंजदीप' भारतीय नौसेना बेड़े में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक एवं महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आईएनएस अंजदीप के लिए आवश्यक विशेष-ग्रेड इस्पात की आपूर्ति की है। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत का जलावतरण किया। इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा विनिर्मित 'अंजदीप' एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा के लिहाज से अहम, उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। आईएनएस अंजदीप 'एंटी-सबमरीन वारफ़ेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। कंपनी के बयान के अनुसार, नौसेना के पुराने होते 'अभय-श्रेणी' के जहाजों को बदलने के लिए इन एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कार्वेट का निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। इस रणनीतिक प्रयास के तहत सेल ने जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ एसडब्ल्यूसी कार्वेट के लिए करीब 3,500 टन विशेष-ग्रेड के इस्पात की पूरी आपूर्ति की है। यह इस्पात३ सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों से उपलब्ध कराया गया है, जो देश की घरेलू आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को दर्शाता है। यह उपलब्धि रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने की दिशा में सेल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इसमें कहा गया कि पिछले कुछ वर्ष में सेल ने रक्षा स्वदेशीकरण के तहत विशेष-ग्रेड इस्तेमाल की जरूरतों को पूरा करते हुए आईएनएस विक्रांत, आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस सूरत जैसी परियोजनाओं के लिए भी इस्पात की आपूर्ति की है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये से लेकर 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,48,340 रुपये से लेकर 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,61,820



प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है।

# आपदा से सुरक्षा तक: विद्यार्थियों ने सीखी जीवनरक्षक तकनीकें

## अधिकारी मनोज वर्मा ने छात्र-छात्राओं को आपदा से बचाव के उपाय बताए

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल अयोध्या रोड में आपदा प्रबंधन पर एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के अधिकारी मनोज वर्मा, ऋषि कुमार तथा उपनिरीक्षक भूप सिंह ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।



राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस लखनऊ के अधिकारी मनोज वर्मा ने छात्र-छात्राओं को आपदा से बचाव के उपाय बताए। भूकंप की स्थिति में क्या करना चाहिए, इसकी मॉक ड्रिल भी कराई गई। साथ ही इमरजेंसी में स्ट्रेचर न होने पर अस्थायी स्ट्रेचर बनाने का तरीका भी सिखाया गया।सिविल डिफेंस अधिकारी ऋषि कुमार ने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय और अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अग्निशमन यंत्र चलाने का अभ्यास भी किया। इस दौरान 101, 108 और 112 जैसे आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी गई।उपनिरीक्षक भूप सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने, निर्धारित गति सीमा, सही दिशा से ओवरटेक करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व पर सरल भाषा में समझाया। साथ ही नारी सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 की जानकारी भी दी।कार्यशाला में विद्यार्थियों और शिक्षकों को व्यवहारिक व उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन रामशंकर वर्मा, प्राचार्या डॉ. विभा आहूजा, निदेशिका सौम्या चौधरी, निदेशक निकेत वर्मा तथा सिविल डिफेंस की वार्डेन रीता पटेल मौजूद रहीं।

# पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । दुबग्गा के बेगरिया गांव में शत्रु संपत्ति की जमीन दस बीघे से अधिक बेखौफ आरोपी आमिर हसन अपने साथियों संग मिलकर बेच डाली ,पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत कर आमिर हसन समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है।

वही पीड़ित राम सिंह निषाद ने आरोप लगाया की उन्हें आमिर हसन और उनके साथियों का विरोध करने मामले में सुनियोजित तरीके से फर्जी मुकदमों में फसाया गया है। जिसकी शिकायत उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रविंद्र मणि निषाद को कर न्याय की गुहार लगाई है। राम सिंह ने बताया आरिफ ने जमीन को लेकर उन पर आरोप लगाए हैं, उसी जमीन को वह पहले ही बेच चुका था और उस समय जमीन उसी के कब्जे में भी है। इसके बावजूद उनके खिलाफ साजिश के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया। नूरजहां पत्नी रफीक अहमद ने खसरा संख्या 36 की जमीन खरीदने के बाद करीब 1500 वर्ग फीट जमीन बेची गई। पहले दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उनका नाम नहीं था, लेकिन बाद में पुलिस ने दूसरी रिपोर्ट में उनका नाम जोड़ दिया गया। इससे उन्हें मानसिक और सामाजिक रूप से परेशान किया जा रहा है।जिन जमीनों को लेकर विवाद खड़ा किया गया है, वे अनुसूचित जाति से संबंधित बताई जा रही हैं और उनके क्रय-विक्रय के लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति आवश्यक होती है, जो कथित रूप से नहीं ली गई। साथ ही खसरा संख्या 36 लल्लू रावत के नाम दर्ज होने और उसके नाबालिग होने के दौरान जमीन बेचे जाने का भी आरोप लगाया गया है। राम सिंह निषाद ने बताया कि खसरा संख्या 20 व 24 की जमीन भी विवादित रही है, जिसे शत्रु संपत्ति में दर्ज होना बताया है।दावा है कि उन्होंने पहले भी धरना देकर गरीब, हरिजन और विकलांग लोगों की जमीनों को कब्जे से मुक्त कराने की कोशिश की थी, जिसके बाद से ही उनके खिलाफ फर्जी झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है।

# दो दिवसीय प्रथम वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन




जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । इंडियन जूलॉजिकल वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा श्री कृष्ण दत्त एकेडमी के सहयोग से 27 एवं 28 फरवरी को वृंदावन योजना स्थित परिसर में पशु एवं संबद्ध विज्ञानों में नवीन प्रवृत्तियाँ विषय पर प्रथम वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य देशभर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, वन्यजीव विशेषज्ञों, पशु चिकित्सकों, पर्यावरणविदों, तंत्रिका एवं संज्ञानात्मक वैज्ञानिकों तथा छात्र छात्राओं को एक मंच पर एकत्र कर पशु कल्याण एवं संबद्ध विज्ञानों के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान, नवाचारों तथा उभरती चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एम. एल. बी. भट्ट, निदेशक, कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान रहे। एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने ऐसे शैक्षणिक मंचों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण जागरूकता तथा अंतःविषयक अध्ययन को बढ़ावा देते हैं।

# सीडीआरआई में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । सीएसआईआर सीडीआरआई, लखनऊ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 बड़े उत्साह और युवा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के दृढ़ संकल्प के साथ मनाया गया। विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत की उत्प्रेरक इस वर्ष की थीम रही। इस अवसर पर संस्थान ने जवाहर नवोदय विद्यालय, लखनऊ की लगभग 50 छात्राओं एवं दो शिक्षिकाओं का प्रेरणादायी एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। जिज्ञासा समन्वयक डॉ संजीव यादव ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया की सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ एन कलइसेल्वी एवं संस्थान की निदेशक डॉ राधा रंगराजन दोनों ही महिला हैं एवं दोनों ही विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करती हैं।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लखनऊ। बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मडियाँव स्थित नौबस्ता पुलिया में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बाली योगेश्वर सेवा संस्थान की सीआरपी बबली सिंह कैंप संयोजक की भूमिका में उपस्थित रहीं। शिविर में लखनऊ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच की गई। साथ ही साथ निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए 77 लोगों को इस योजना का लाभ मिला। शिविर में 237 लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उत्सव

लखनऊ। दिल्ली पब्लिक स्कूल की गोमती नगर विस्तार स्थित शाखा के प्री-प्राइमरी विंग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और वैज्ञानिक भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर नन्हे वैज्ञानिकों की जिज्ञासा और उमंग से सराबोर रहा। छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न रोचक प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के अद्भुत सिद्धांतों को समझा और प्रस्तुत किया। पीजी 1 के विद्यार्थियों ने डूबना और तैरना की अवधारणा को सरल प्रयोगों के जरिए जाना। आयोजन बच्चों में जिज्ञासा, अवलोकन क्षमता और तार्किक सोच को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। विज्ञान को रोचक और आनंददायक बनाते हुए इस दिवस ने सीखने की प्रक्रिया को और भी अर्थपूर्ण बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा हमारे नन्हे शिक्षार्थियों को इतनी उत्सुकता और आत्मविश्वास के साथ विज्ञान का अन्वेषण करते देखना अत्यंत प्रसन्नता की बात है।

### आज होगा तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 का समापन

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप के तत्वाधान में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 के दूसरे छात्रों ने तकनीकी, सांस्कृतिक, खेल, साहित्य, होटल मैंनेजमेंट, ललित कला एवं मिस्टर एडं मिस उत्कर्ष-2026 में उत्साह पूर्वक सहभागिता प्रस्तुत की। तकनीकी प्रतियोगिताओं में आईकेएस-इंडियन नॉलेज सिस्टम, ट्रेडिशनल टू टेक ऐप डेवलपमेंट, रोबो मैराथन, रोबोकॉन, लाइन फॉलोअर में अंधेरे में रोबोट रास्ता बनाता है जिसके ऊपर रोबोट चलते है। पिक एंड प्लेस में रोबोट द्वारा किसी भी प्रकार की वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों द्वारा सांइलेंट ईकोज-माईम में रामायण एवं घरेलू हिंसा पर आधारित प्रस्तुति दी गई। लघु नाटिका ड्रामा जंक्शन के माध्यम से विरासत से विकास तक थीम पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। एनएसएस के छात्रों द्वारा विरासत से विकास तक की थीम पर पुराने समय के कच्चे घरों एवं कॉमर्शियल बिल्डिंगस से लेकर आधुनिक तकनीक के मॉर्डन हाउसेस एवं बिल्डिंगस जिनकी छतों पर सोलर पैनल से लेकर हैलीपैड तक दिखाये गये है। उत्कर्ष का समापन 28 फरवरी को होगा।

### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया होली उत्सव

लखनऊ । निराला नगर स्थित परवरिश स्कूल में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी ने जमकर फूलों की होली खेली। इस मौके पर स्वामी कौशिक चैतन्य, प्रमुख चिन्मय मिशन एवं स्कूल की संचालिका एवं डायरेक्टर डा. कुसुम कमल प्रमुख रूप से मौजूद रही। वहीं। इस मौके पर स्कूल की संचालिका डा. कुसुम कमल ने बताया कि इस रंग बिरंगे पर्व पर सभी के स्वास्थ का ध्यान रखते हुए बाजार में उपलब्ध किसी भी प्रकार के रंग का इस्तेमाल ना करते हुए स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गई। जिसमें उनके खेलने के लिए लगभग 01 कुंतल फूल मंगवाया गया था। इस मौके पर उन्होंने सभी बच्चों की गुझिया, पापड़ खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं इस मौके पर मौजूद स्वामी कौशिक चैतन्य ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए सभी से अपील किया कि इस पर्व पर बाजार में बिक रहे केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि यह स्वास्थ के लिए हानिकारक है। इस अवसर पर स्कूल का स्टॉफ व बच्चों के अभिभावक समेत अन्य मौजूद रहे।

### ठाकुरगंज थाने पर पीस कमेटी की बैठक

लखनऊ । ठाकुरगंज मे आगामी त्योहारों को देखते हुए में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे थाना ठाकुरगंज पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीस कमेटी से अपील की आपको बता दे कि बैठक में एसीपी चौक,इंस्पेक्टर ठाकुरगंज, इंस्पेक्टर चौक,जोनल अधिकारी, नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे जिनके साथ बैठक में आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के पार्षद मनीष रस्तोगी व अन्य सामाजिक और क्षेत्रीय नागरिक भी शामिल रहे अधिकारियों ने सभी से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

# फाल्गुन एकादशी पर रहा श्री श्याम भक्तों का जमावड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ । बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन एकादशी के अवसर पर मंदिर के कपाट सुबह खुलते ही दर्शन करने वाले भक्तों का जमावड़ा शुरू हो गया जो मध्य रात्रि तक लगा रहा। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने कहा कि फाल्गुन एकादशी पर लखनऊ महानगर के हर क्षेत्र से श्री श्याम भक्त दर्शन को बड़ी संख्या में पहुंचकर श्री श्याम निशान चढ़ाया, पुष्प गुलाब भेट दिया।

भजन गायक धनंजय एवं नितेश ने भजन हारा हु बाबा तब तुम पर भरोसा हैं, भजन गायक पवन मिश्रा एवं शुभम गुप्ता ने भजन जगन्नाथ चकानन निला चलवा रे तू ना संभले तो हमें कौन संभाले प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल बताया कि 4 मार्च को होली को उत्सव बड़ी धूमधाम से मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्री श्याम परिवार द्वारा श्याम भक्तों के लिए 10 कुंतल गुलाल एवं पांच कुंतल फूल व्यवस्था की गई है तो वही प्रसाद में गुझिया एवं ठंडाई का वितरण किया जाएगा। अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि चंद्र ग्रहण लगने के कारण मंदिर के कपाट सुबह 8 बजे सायं 8 बजे तक बंद रहेंगे वहीं सायं 8 बजे बाद दर्शन के लिए खुलेंगे।

# फर्जी डीएम बनकर किसान से 9 लाख की ठगी, आरोपी हिरासत में

जागरण मोर्चा कार्यालय

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के दिनकरपुर झलौवा गांव निवासी किसान मोती लाल से खुद को जिलाधिकारी और दरोगा बताकर करीब नौ लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बीकेटी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मोती लाल ने पुलिस को बताया कि वह अनपढ़ किसान हैं। करीब दो माह पहले उनकी मुलाकात चंदाकोडर गांव निवासी राजेश कुमार रावत से हुई थी। आरोप है कि इसके बाद राजेश उनका पीछा करने लगा और किसी तरह उनका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया। फिर फोन कर खुद को जिलाधिकारी बताकर डराने-धमकाने लगा और अलग-अलग बहानों से रुपये ऐंठता रहा।पीड़ित के अनुसार, आरोपी कहता था कि उनके नाम कागजों में 400 बीघा जमीन दर्ज है, जिसमें कुछ त्रुटियां हैं। यदि वह रुपये दे दें तो कागजी कार्रवाई पूरी कर जमीन उनके नाम करा दी जाएगी। वह यह भी कहता था कि चंदाकोडर गांव के राकेश कुमार रावत उनसे मिलेंगे और रुपये लेकर जिलाधिकारी तक पहुंचा देंगे। झांसे में आकर मोती लाल ने दो बार पत्नी के सोने-चांदी के जेवर बेच दिए और बाद में जमीन बेचकर भी रुपये दिए। 23 फरवरी को आरोपी ने फिर फोन कर खुद को दरोगा बताते हुए पैसों की मांग की। इस बार मोती लाल ने इंकार कर दिया तो उसने धमकी देकर फोन काट दिया। घटना की जानकारी परिवार को होने पर मोबाइल में कॉल रिकॉर्डिंग चालू कर दी गई, जिससे आरोपी की बातचीत रिकॉर्ड हो गई। जब मोती लाल ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी धमकाने लगा।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सन राइज हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

## जांच कमेटी बनी, लेकिन जिम्मेदारों पर शिकंजा नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

बख्शी का तालाब, लखनऊ । सैरपुर थाना क्षेत्र स्थित सन राइज हॉस्पिटल में प्रसव ऑपरेशन के दौरान हुई प्रसूता की मौत के मामले में कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

12 फरवरी को रामपुर बेहड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय अनुष्का पत्नी शोभित की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों के अनुसार अनुष्का का इलाज पहले राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा था, लेकिन गांव की आशा कार्यकर्ता द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई। आरोप है कि शनिवार शाम अस्पताल में भर्ती कराने के बाद रविवार दोपहर करीब तीन बजे ऑपरेशन किया गया, जिसमें एक स्वस्थ बेटे का जन्म हुआ। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के कुछ ही देर बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं बुलाए गए और न ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। लगभग 50 हजार रुपये जमा कराने के बावजूद समुचित इलाज न मिलने का आरोप लगाया गया है।मौत की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को हाईवे पर रखकर प्रदर्शन किया, जिससे कई घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर सैरपुर व बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह जाम खुलवाया। पुलिस ने तहरीर लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित करने की बात कही थी और अस्पताल से इलाज संबंधी दस्तावेज तलब किए गए थे। हालांकि, अब तक न तो अस्पताल प्रबंधन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई हुई है और न ही किसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।क्षेत्र में चर्चा है कि जांच रिपोर्ट आने में देरी क्यों हो रही है और दोषियों पर कार्रवाई कब होगी।

परिजन न्याय की मांग पर अड़े हैं, जबकि विभाग की ओर से फिलहाल केवल जांच का आश्वासन दिया जा रहा है।यह घटना क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों की व्यवस्थाओं, संसाधनों और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। नवजात शिशु सुरक्षित है, लेकिन एक परिवार की खुशियां मातम में बदल चुकी हैं। अब सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।


### प्रणामी मंदिर में चल रहा है 214वां वार्षिक महोत्सव

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के कस्बा अमेठी के के मुंशीगंज वार्ड में सिद्ध पीठ श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में इन दिनों भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल बना हुआ है। यहां 214वां वार्षिक महोत्सव पूरे जोश के साथ मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत 22 फरवरी 2026 से हुई थी। समापन 28 फरवरी को होगा। श्री तारतम सागर के पंच पारायण के साथ यह पावन आयोजन भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बना हुआ है।महोत्सव की कलश यात्रा और शोभायात्रा ने सभी का मन मोह लिया। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु माथे पर कलश रखकर मंदिर की परिक्रमा करते हुए नजर आए। शोभायात्रा में श्री राधा-कृष्ण की झांकियां, देखने को मिली। ढोल नगाड़ों की थाप पर कीर्तन हो रहे थे। फूलों की वर्षा ने जुलूस के वातावरण को दिव्य बना दिया। पूरा मंदिर परिसर रंग-बिरंगी सजावट, फूलों की मालाओं, दीपको की रोशनी से जगमगा रहा था। भक्त गण श्री तारतम सागर के पंच पारायण में सामूहिक रूप से पवित्र वाणी का पाठ करते हुए दिखाई दिए। दूर-दूर से आए भक्तों ने सिद्ध पीठ की महिमा से लाभान्वित हुए। महोत्सव में मंदिर के महंत कीर्तन दास महाराज,जगपाल यादव उदयभान सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्ति का महासागर

❒ छठे दिन श्रीकृष्ण लीलाओं से भाव-विभोर श्रद्धालु, आज भव्य रुद्राभिषेक व प्राण-प्रतिष्ठा

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के शहजादेपुर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा अपने आध्यात्मिक उत्कर्ष पर पहुंच चुकी है। कथा के छठे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण हरि-नाम संकीर्तन व भक्ति-रस में सराबोर दिखाई दिया।

कथा व्यास त्रिलोकी नाथ तिवारी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूतना वध प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि किस प्रकार नन्हे कान्हा ने अधर्म का अंत कर धर्म और भक्तों की रक्षा का संदेश दिया। इसके पश्चात गोवर्धन लीला का उल्लेख करते हुए महाराज श्री ने कहा कि जब इंद्र के अहंकार से ब्रज में संकट उत्पन्न हुआ, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका पर गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग अहंकार-भंजन और सच्चे भक्तों के संरक्षण का प्रतीक है। गोपियों के चीर-हरण प्रसंग की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए उन्होंने इसे पूर्ण आत्मसमर्पण, निष्काम भक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश बताया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। कथा के सातवें एवं अंतिम दिन प्रातःकाल भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिवलिंग, शिव परिवार की मूर्तियों, राधा-कृष्ण की प्रतिमा एवं द्वारपालों की मूर्तियों की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी।ढ आयोजन के मुख्य यजमान मोहित शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

जागरण मोर्चा
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित ।
सम्पादक
योगेश कुमार वर्मा
मो0- 7579849555,9627739857
E-mail:
www.jagranmorchadaily@gmail.com
RNI.No.-UPHIN/2022/82743
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

# बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को लेकर नेपाल पुलिस नाराज़, दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

काठमांडू। नेपाल में गत वर्ष 8 और 9 सितंबर को हुए 'जेनजी आंदोलन' पर बीबीसी वर्ल्ड सर्विस द्वारा प्रसारित की गई एक डॉक्यूमेंट्री को लेकर नेपाल पुलिस ने कड़ा ऐतराज जताया है और बीबीसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बीबीसी की इस 41 मिनट की डॉक्यूमेंट्री में दो दिनों की घटनाओं के फुटेज के साथ नेपाली पुलिस पर युवाओं पर शत्रुता की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया है और गोली चलने की घटना के लिए तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चंद्र बहादुर खापुंग मुख्य जिम्मेदार ठहराया गया है। गत 8 सितंबर 2025 को हुए आंदोलन में 19 युवाओं की गोली लगने से मृत्यु हुई थी। गोली चलने से पहले प्रदर्शनकारियों द्वारा संसद भवन पर हमला किए जाने और पुलिस पर पथराव किए जाने के दृश्य डॉक्यूमेंट्री में दिखाए गए हैं। नेपाल पुलिस का कहना है




कि यह डॉक्यूमेंट्री उसे बदनाम करने के लिए बनाई गई है। प्रदर्शनकारी पुलिस की बैरिकेड तोड़कर संसद भवन की ओर बढ़े थे। संसद भवन की दीवार तोड़ने और गेट में आग लगाने के बाद पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछार का प्रयोग किया, जैसा कि डॉक्यूमेंट्री में दिखाया गया है। लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे, जिसके बाद गोली चलाई गई। अग्रिम पंक्ति में न होने के बावजूद कुछ अन्य युवाओं को भी गोली लगी। नेपाल पुलिस के तरफ से एक बयान जारी कर डॉक्यूमेंट्री के शीर्षक 'दुश्मन की तरह गोली मारी गई' जैसे शब्दों का प्रयोग करने पर अपनी आपत्ति जताई है। पुलिस का मानना है कि इस तरह का हेडलाइन देकर बीबीसी पुलिस को बदनाम करने और सनसनी फैलाने का प्रयास किया है। डॉक्यूमेंट्री में उस दिन गोली चलने की घटना के लिए तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चंद्र बहादुर खापुंग मुख्य जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की गई है। पुलिस की आंतरिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बीबीसी ने दावा किया है कि पुलिस प्रमुख ख़ापुंग के आदेश पर गोली चलाई गई। रिपोर्ट में पुलिस 'लॉग' का हवाला देते हुए बताया गया है कि 'पीटर 1' कॉलसाइन से गोली चलाने का आदेश आया था। रिपोर्ट के अनुसार 'पीटर 1' कॉलसाइन तत्कालीन आईजीपी का था। रिपोर्ट के मुताबिक, फील्ड में मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा बार-बार आदेश मांगे जाने पर खापुंग ने कॉलसाइन के माध्यम से कहा था, ल्कर्फ्यू लागू हो चुका है। अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यक बल प्रयोग करें। इसी आधार पर बीबीसी ने तत्कालीन आईजीपी खापुंग को मुख्य जिम्मेदार बताते हुए आरोपित किया है।

# नेपाल में जनमत सर्वेक्षण प्रकाशित करने वाले मीडिया संस्थान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के चुनाव से पहले निर्वाचन आचार संहिता के विपरीत जनमत सर्वेक्षण की शैली में चुनावी विश्लेषण प्रकाशित करने के आरोप में कई ऑनलाइन न्यूज़ पोर्टल के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गई है।

अधिवक्ता आभास रेग्मी, आयुष बडाल और आकाश ढकाल द्वारा संयुक्त रूप से दायर की गयी इस याचिका में प्रधानमंत्री तथा मंत्रिपरिषद् कार्यालय, संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, निर्वाचन आयोग, प्रेस काउंसिल नेपाल सहित जनमत सर्वेक्षण प्रकाशित करने वाले मीडिया के मालिकों और संपादकों को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुछ मीडिया संस्थानों ने चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों के उम्मीदवारों की हार-जीत का पूर्वानुमान लगाने वाले समाचार प्रकाशित किए, जो




निर्वाचन आचार संहिता की धारा 4 और 25 के विपरीत है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि आचार संहिता के अनुसार उम्मीदवारों के नामांकन दर्ज होने की तिथि से लेकर मतदान सम्पन्न होने तक किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल के मत परिणाम संबंधी जनमत सर्वेक्षण करना या उसके परिणाम की घोषणा करना निषिद्ध है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि विश्लेषण के आवरण में मतदाताओं की व्यक्तिगत धारणा सार्वजनिक कर संविधान की धारा 28 द्वारा प्रदत्त गोपनीयता के अधिकार तथा गोपनीय मतदान की अवधारणा का उल्लंघन किया गया है। इससे मतदाताओं की मानसिकता प्रभावित होने और चुनाव की निष्पक्षता पर असर पड़ने की आशंका जताई गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि निर्वाचन आयोग और प्रेस काउंसिल नेपाल ने ऐसे कार्यों को रोकने में प्रभावी भूमिका नहीं निभाई। इसलिए अदालत से अनुरोध किया गया है कि इस प्रकार की समाचार सामग्री के प्रकाशन/प्रसारण पर रोक लगाने के लिए

# बिहार विधानसभा में धर्म परिवर्तन पर कड़े कानून की मांग

## सरकार ने फिलहाल प्रस्ताव से किया इनकार




पटना। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में धर्म परिवर्तन को लेकर कड़ा कानून बनाने की मांग उठी। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सत्तापक्ष के कई विधायकों ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए राज्य में धर्मांतरण पर नियंत्रण के लिए सख्त कानून लागू करने की मांग की।

इस मुद्दे को उठाने वालों में मिथिलेश तिवारी, वीरेंद्र कुमार जनक सिंह, संजय कुमार सिंह, जीवेश कुमार मिश्रा सहित कुल 18 विधायक शामिल थे। सदस्यों ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात जैसे राज्यों में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून लागू हैं, जहां धोखाधड़ी, प्रलोभन या बाल विवाह के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने पर कठोर सजा का प्रावधान है। विधायकों ने दावा किया कि बिहार में ईसाई और मुस्लिम आबादी में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है तथा राज्य में बड़ी संख्या में चर्च स्थापित हुए हैं। सीमावर्ती जिलों में जनसंख्या संरचना में बदलाव की बात कहते हुए उन्होंने धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर चिंता जताई और कहौ कि बिहार में 5000 से अधिक चर्च की स्थापना हो चुकी है। ईसाइयों का राष्ट्रीय स्तर पर ग्रोथ रेट 15.5 प्रतिशत है, जबकि बिहार में 143.23 प्रतिशत है। भाजपा विधायक मिथिलेश तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बक्सर जिले में बड़ी संख्या में (लगभग 1000) दलित परिवारों ने धर्म परिवर्तन किया है तथा सीमांचल क्षेत्र के कई जिलों (कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया) का डेमोग्राफी चेंज हो गया है। इसलिए इस कानून की जरूरत है, सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। जाले से भाजपा विधायक जीवेश कुमार मिश्रा ने धर्म परिवर्तन के बाद आरक्षण लाभ मिलने के मुद्दे को उठाते हुए इस पर स्पष्ट कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता बताई। वहीं विधायक संजय सिंह ने धर्मांतरण को गंभीर राष्ट्रीय विषय बताते हुए कड़े कानून की मांग दोहराई। हालांकि, सरकार की ओर से जवाब देते हुए पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने स्पष्ट किया कि फिलहाल राज्य सरकार के पास धर्म परिवर्तन को लेकर कोई नया कानून लाने का प्रस्ताव नहीं है। मंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि विषय को नियमन दे दिया गया है और सरकार आवश्यकता अनुसार इसकी समीक्षा करेगी। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर आगे चर्चा नहीं कराई जाएगी, जिसके बाद सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाई गई।

# नेपाल में उन्मूलन की घोषणा के 16 वर्षों के बाद फिर फैल रहा कुष्ठ रोग

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में कुष्ठ रोग के उन्मूलन की घोषणा के 16 वर्ष बाद देश के कई हिस्सों में फिर से कुष्ठ के रोगी पाए गए हैं। यह बात स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था साशाख्वा हेल्थ फाउंडेशन के अध्ययन में सामने आई है। अध्ययन के मुताबिक देश के 16 जिलों में 2,409 लोग कुष्ठ संक्रमित पाए गए हैं, जिनमें 145 बच्चे भी हैं। नेपाल में वर्ष 2010 में कुष्ठ रोग उन्मूलन की घोषणा की गयी थी। उस समय प्रति 10 हजार जनसंख्या पर कम से कम एक संक्रमित मिलने के



आधार पर सरकार ने उन्मूलन की घोषणा की थी।यह अध्ययन कपिलवस्तु, धनुषा, रौतहट, पश्चिम नवलपरासी, पर्सा, झापा, कैलाली, सिरहा, सुनसरी, सर्लाही, बारा, मोरंग, महोत्तरी, बांके, रुपन्देही और पर्वत जिलों को आधार बनाकर किया गया था।रिपोर्ट के अनुसार कपिलवस्तु में प्रति 10 हजार पर 2.4, धनुषा में 1.9, रौतहट में 1.8, पश्चिम नवलपरासी में 1.8, पर्सा में 1.7, झापा में 1.6, कैलाली में 1.6, सिरहा में 1.5, सुनसरी में 1.4, सर्लाही में 1.4, मोरंग में 1.3, महोत्तरी में 1.3, बांके में 1.3, रुपन्देही में 1.2 और पर्वत में 1.1 संक्रमण दर दर्ज की गई है।स्वास्थ्य तथा जनसंख्या मंत्रालय के सचिव डॉ. विकास देवकोटा ने कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए मल्टी-सेक्टोरल अवधारणा की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में उन्मूलन की घोषणा होने के बावजूद वर्तमान में 16 जिलों में प्रति 10 हजार पर एक से अधिक मरीज मिलना चिंता का विषय है। अब ब्लैंकेट एप्रोच के बजाय इक्विटी एप्रोच अपनाकर जहां समस्या है, वहीं विशेष हस्तक्षेप करना होगा।डॉ. देवकोटा ने बताया कि बच्चों में संक्रमण दर अधिक होने का मुख्य कारण परिवार में रोग की देर से पहचान और उपचार है। सामाजिक भेदभाव और कलंक के कारण लोग अभी भी बीमारी छिपाते हैं, जिससे संक्रमण समुदाय में फैलता है। उन्होंने कहा, ल्अब हमें अपनी सोच, व्यवहार और कार्यान्वयन में ब्लैंकेट एप्रोच की जगह इक्विटी एप्रोच अपनानी होगी। जहां-जहां समस्या है, वहां उसी अनुसार हस्तक्षेप करना होगा।







